रोहतक
गुरुवार 26 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 30, अंक : 23
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 11.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### विजय व रश्मिका की हुई हल्दी सेरेमनी, शादी आज



उदयपुर। एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की बुधवार को उदयपुर में हल्दी सेरेमनी और मेहंदी की रस्म भी होगी। होटल मेंमेटोस एकाया में पीले फूलों से सजावट और लाइटिंग की गई। दोनों गुरुवार को शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी में दोनों परिवार के सदस्य और कुछ खास मेहमान ही शामिल होंगे। *एजेंसी*

### भारतीयों के लिए ब्रिटेन में ई वीजा अनिवार्य



लंदन। ब्रिटेन में बुधवार से लागू हुए नए नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। इसके तहत नयी प्रक्रिया कागज आधारित वीजा 'स्टिकर' की जगह लेगी। *एजेंसी*

### संजय लीला भंसाली को हार्ट अटैक, भर्ती



मुंबई। मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली ने हाल ही में 24 फरवरी को अपना 63वां जन्मदिन मनाया। जहां सोशल मीडिया पर फैंस और फिल्मी सितारे उन्हें बधाई दे रहे थे, वहीं बुधवार सुबह एक ऐसी खबर सामने आई जिसने हर किसी को सन्न कर दिया। भंसाली को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। *एजेंसी*

## कांग्रेस के काम रोको प्रस्ताव पर विधानसभा में तीखी बहस

# पारदर्शी भर्ती से झूठ की राजनीति बेनकाब : सीएम

**योग्यता के आधार पर मिल रही नौकरी 11 साल में 11000 को रोजगार दिया**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही के दौरान सुबह के वक्त जहां कांग्रेस नेताओं ने उनकी आवाज दबाने और कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट करने के गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा, नारेबाजी, शोरगुल किया। विस अध्यक्ष के समझाने पर भी शांत नहीं हुए और बाद में वाकआउट कर कर दिया। सदन की कार्यवाही देर शाम तक जारी थी। कांग्रेस की ओर से काम रोको प्रस्ताव के तहत एचपीएससी (हरियाणा लोक सेवा आयोग) और एचएसएससी (हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ) की भर्तियों को लेकर चर्चा की गई, इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर शेर-ओ-शायरी के माध्यम से तंज किए। काम रोको प्रस्ताव पर कांग्रेस और भाजपा सदस्यों के बीच में जमकर नोकझोंक व आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला चलता रहा। सदन में घोषणा करते हुए सीएम ने गुरुग्राम फरीदाबाद-नोएडा के बीच कॉरिडोर की घोषणा की है, जिसकी डीपीआर जल्द ही तैयार होगी।

(संबंधित खबर पेज-2 पर)

- *सीएम ने विपक्ष के आवाज दबाने के आरोप नकारे*
- *भाजपा सदस्यों और कांग्रेस नेताओं के बीच नोकझोंक विपक्ष का वॉकआउट*
- *सीएम ने दो घंटे से ज्यादा भाषण दिया, विपक्ष ने कड़ा विरोध प्रकट किया*



### पहले नौकरियों की होती थी बंदरबांट

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जब से हमारी सरकार आई है, सरकार ने पूर्णतः पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई है। जो हरियाणा के युवा हरियाणा की भर्ती एजेंसियों से निराश और हताश हो गये थे, उनमें इन एजेंसियों के प्रति विश्वास लौटा है। यह सिर्फ वर्तमान सरकार में होता है कि जरा सी गड़बड़ी की आशंका भी होती है, तो परीक्षा रद्द कर दी जाती है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए हर पल सरकार हरियाणा के युवाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य अपने कार्यकाल में होने वाली गड़बड़ियों को भूल गए हैं। इनके समय में तो गड़बड़ियां ये खुद करते थे, तो पकड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता था। नौकरियों की बंदरबांट की जाती थी। भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद का बोलबाला था। अब तक ऐसे मामलों में 26 एफआईआर दर्ज की गई है।

### विपक्ष के पास तथ्य नहीं

उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास तथ्य नहीं है, लेकिन सरकार के पास यह बात आई कि ग्राम सचिव का पेपर लीक हुआ। इस आशंका के चलते यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसे 28 जून, 2024 को फिर से विज्ञापित किया गया और 17 अगस्त, 2024 को लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यही नहीं, इसका परिणाम भी 17 अक्तूबर, 2024 को घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्यों के पास कोई नया मुद्दा नहीं है।

### कांग्रेस की भर्तियों का दिया विवरण

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस कार्यकाल में की गई भर्तियों का विवरण देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2005 से 31 मार्च 2006, 1 अप्रैल 2006 से 31 मार्च 2007 तथा 1 अप्रैल 2007 से 31 मार्च 2008 तक किसी भी साल में एक भी भर्ती नहीं की। 1 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2009 में 22, 1 अप्रैल 2009 से 31 मार्च 2010 में 176, 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 में 712 तथा 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 में 1046 युवाओं की भर्ती की। इसके अलावा, 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2013 में 1046, 1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2014 में 448 तथा 1 अप्रैल 2014 से अक्तूबर 2014 तक 143 युवाओं की भर्ती की। इस प्रकार कांग्रेस ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 3593 युवाओं की भर्ती की। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन यानि एचपीएससी के जरिये पिछले 11 सालों में कुल 11 हजार 17 युवाओं की भर्ती की है।

**पीएम का इजराइल दौरा, संसद को किया संबोधित**

# हमास के हमले पर हम आपका दर्द समझते हैं

भाषा ▶▶| तेल अवीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर हैं। उन्होंने इजराइली संसद को संबोधित करते हुए इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। मोदी ने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय और भविष्य में भी पूरे विश्वास के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि किसी भी वजह से आम नागरिकों की हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता और आतंकवाद को किसी भी हाल में जायज नहीं ठहराया जा सकता। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए। मोदी से पहले इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी इजराइल के ग्रेट फ्रेंड हैं। इजराइली पीएम ने कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को दुनिया का सम्मानित नेता बताया।

### मोदी मेरे भाई जैसे : नेतन्याहू

इजराइली पीएम ने कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को दुनिया का सम्मानित नेता बताया। इससे पहले नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन के साथ पीएम का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने परफोर्मेंस भी दी। मोदी का यह 9 साल बाद दूसरा इजराइल दौरा है।

(संबंधित खबर पेज-8 पर)

## एनसीईआरटी विवाद : न्यायपालिका में भ्रष्टाचार चैप्टर वाली बुक पर रोक

**संस्था को बदनाम करने की मंजूरी नहीं देंगे : सीजेआई**

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का उल्लेख करने वाले एक अध्याय को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा कड़ी आपत्ति जताये जाने के बाद आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। सूत्रों ने बताया कि पुस्तक में विवादित विषय को शामिल करना सरकार को पसंद नहीं आया है। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी छापी जा चुकी पुस्तक से विवादित अंश को हटाने पर भी विचार कर रही है। हालांकि, राष्ट्रीय राजधानी में कई स्कूलों ने कहा है कि उन्हें इस बारे में अभी कोई निर्देश नहीं दिया गया है कि पुस्तक के संबद्ध हिस्से को छात्रों को पढ़ाया जाए या नहीं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है। मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते।



**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद लिया फैसला एनसीईआरटी ने 8वीं कक्षा की किताब में जोड़ा था चेप्टर**

## पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**बंगाल एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कहा, 8वीं-10वीं कक्षा की मार्कशीट होना भी जरूरी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनीयर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है। एडमिट कार्ड सिर्फ सहायक कागज है, यह अकेले पहचान का आधार नहीं बन सकता। पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों में एसआईआर के फेज 2 के तहत वोटर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है।

## इंडिगो फ्लाइट में खराबी 4 घंटे फंसे रहे 200 यात्री

- पायलट भी उतरा, चेन्नई से सिंगापुर जाना था
- पैसेंजर्स बोले-एसी बंद, सांस लेने में दिक्कत

नई दिल्ली। चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। इससे विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्री रनवे पर फंसे रहे। उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। एक अन्य यात्री ने कहा कि वे सुबह 7 बजे से इंतजार कर रहे हैं, उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही।

## ईडी ने अनिल अंबानी का घर 'अबोड' किया कुर्क

**3716 करोड़ कीमत, मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत कार्रवाई**

नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी को प्रतर्वतन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा झटका दिया है। ईडी ने एंटी मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अनिल अंबानी के घर 'अबोड' को कुर्क किया है। इसका मूल्य 3,716 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) ने अनिल अंबानी के मुंबई वाले घर 'अबोड' को एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अटैच कर लिया है। इसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। यह शानदार घर 66 मीटर ऊंचा है। इसमें 17 मंजिलें हैं। यह मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित है। सूत्रों के मुताबिक, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया गया है।

## कुरुक्षेत्र में कारोबारी से मांगी 2 करोड़ की फिरौती

**बदमाश बोले-रकम न दी तो मार देंगे, धमकी भरे कॉल किए**

कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)। कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा में आईफोन मोबाइल कारोबारी से 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। कारोबारी ने डीएसपी पिहोवा को शिकायत देकर कार्रवाई करने और सुरक्षा की मांग की है। लगातार आ रही धमकी भरी कॉल्स के कारण पूरा परिवार डर के साए में जी रहा है। कारोबारी को पहली बार 8 फरवरी की शाम को कॉल आई थी। नंद कॉलोनी में रहने वाले सैनी सेवा समिति के पूर्व प्रधान जसवंत सैनी ने बताया कि वे 8 फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे परिवार के साथ जय प्रकाश मार्केट में एक शोरूम में शॉपिंग कर रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल नंबर पर विदेशी नंबर +1-559-955-7040 से कॉल आई। कॉलर ने उनसे 2 करोड़ रुपए की मांग की और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## आईएएस के सेक्रेटरी ने 6वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**गणेश दास ने 15 दिन पहले भी की थी आत्महत्या की कोशिश**

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा सचिवालय की छठी मंजिल से कूदकर एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान गणेश दास अरोड़ा के तौर पर हुई। वे आईएएस अफसर हितेश कुमार मीणा के स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी थे। पहले ये आईएएस आदित्य के साथ थे। कुछ समय पहले ही इन्हें आईएएस हितेश मीणा के पास लगाया गया था। इससे पहले 9 फरवरी को भी उन्होंने छत से कूदने की कोशिश की थी। तब पास खड़े लोगों ने रोक लिया था। सचिवालय के कुछ कर्मचारियों ने बताया है कि हाल ही में अरोड़ा की स्पेशल सीनियर सेक्रेटरी के पद पर प्रमोशन हुआ था। इसके कारण इसकी ब्रांच चेंज हो गई थी। इससे ये नाराज थे। उनकी इसी साल अक्टूबर में रिटायरमेंट होनी थी।




**अमेरिका ने भारत के साथ खेला 'डर्टी गेम'**

## बौखलाए ट्रंप ने सोलर इंपोर्ट पर लगाया 126 फीसदी टैरिफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय बौखला गए हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत समेत कई देशों के सोलर इंपोर्ट पर टैक्स लगा दिया है। अमेरिका ने भारत से होने वाले सौर आयात पर 126% का प्रारंभिक शुल्क लगाया है। यह फैसला इसके बाद लिया गया है कि भारत ने अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अनुचित तरीके से सब्सिडी दी थी। ट्रंप प्रशासन का यह भी कहना है कि यह कदम अमेरिकी घरेलू निर्माताओं की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। इससे क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ने की आशंका है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत के साथ ही इंडोनेशिया पर 86% से 143% और लाओस पर 81% का प्रारंभिक शुल्क लगाया है। ये दरें विदेशी सब्सिडी के निर्धारण पर आधारित हैं। अमेरिका का दावा है कि इन देशों में सोलर मैन्युफैक्चरिंग को अनुचित तरीके से सरकारी सब्सिडी दी गई है, जिससे वे अपने उत्पादों को अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्माताओं की तुलना में काफी कम कीमत पर बेच रहे हैं।



*भारतीय कंपनियां अपने उत्पादों को अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्माताओं की तुलना में काफी कम कीमत पर बेच रही हैं*



**खबर संक्षेप**



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### उद्योगों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया पारदर्शी : नरबीर

**चंडीगढ़।** वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि वर्तमान में बूचड़खाने एक उद्योग के रूप में संचालित हो रहे हैं और निर्धारित नियमों व मानकों के अनुरूप कोई भी व्यक्ति इसके संचालन हेतु लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंस प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा निर्धारित मानकों की जांच के बाद ही अनुमति प्रदान की जाती है। वन एवं पर्यावरण मंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक मामन खान द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

### युवाओं को रोजगार बड़ा मुद्दा : चौटाला

**चंडीगढ़।** एचपीएससी और एसएससी द्वारा सरकारी नौकरियों पर लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर इनेलो विधायक अदित्य देवीलाल ने कहा कि यह युवा से जुड़ा हुआ बेहद गंभीर विषय है। हमारे प्रदेश के बच्चे अपना भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इस चर्चा को भी हमारे युवा बड़ी गंभीरता से ले रहे हैं। आज स्कलू, कॉलेज, अस्पताल, एचसीएस, एडीओ, पीजीटी,पोलिटिक्ल साइंस और कंप्यूटर साइंस में बहुत ज्यादा वेकेंसिज हैं और बहुत बड़ा क्राइसेस है।

### इनेलो कार्यकारिणी की बैठक कल

**चंडीगढ़।** 27 को चंडीगढ़ के सेक्टर 27 स्थित जाट भवन में इनेलो की राष्ट्रीय/राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस बैठक में जनरल बॉडी के सभी राष्ट्रीय एवं राज्य पदाधिकारी, सदस्य, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रकोष्ठों के प्रदेश और जिला संयोजक, जनरल बॉडी के जिला एवं हलका प्रधान भाग लेंगे। इस बैठक में महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

### पंचकर्म पद्धति वैश्विक स्तर पर बना रही है पहचान

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला में पंचकर्म टेक्निशियन सर्टिफिकेट कोर्स के बैच 2025-26 का इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। संस्थान के डीन प्रभारी प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इंडक्शन प्रोग्राम के संयोजक एवं कोर्स इंचार्ज डॉ. अनुराग कुशल ने डीन प्रभारी और उप चिकित्सा अधीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने कई मामलों पर जानकारी दी।

## विधानसभा में काम रोको प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री का कांग्रेस को जवाब

# कांग्रेस ने भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने के लिए भर्ती रोको गैंग खड़ा किया : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस द्वारा लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत जवाब देते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने वर्षों तक झूठ की दुकान खोलकर जनता को गुमराह किया। इन्होंने भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने के लिए भर्ती रोको गैंग खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने सदन में नौकरियों से संबंधित विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है, जबकि कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था और रेवड़ी कल्चर को बढ़ावा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों से बौखलाया विपक्ष निराश, हताश और कुंठाग्रस्त हो अनर्गल आरोप लगा रहा है, लेकिन तथ्यात्मक जवाब से उसकी झूठ की राजनीति पर ताला लग चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने अपने काम रोको प्रस्ताव में तीन परीक्षाएं रद्द होने तथा 8 हजार 653 पदों के विज्ञापन को वापिस लेने की बात कही है। लेकिन वास्तविकता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 8 हजार 653 पदों के विज्ञापन को वापिस लिया था, क्योंकि सीईटी परीक्षा होनी थी और नए अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सकें। इसी संदर्भ में आयोग ने बढ़े हुए पदों के साथ फिर से विज्ञापन निकाल दिया।



**ये बोले सीएम**

- मुख्यमंत्री ने सदन में नौकरियों का विस्तृत लेखा-जोखा रखा
- सरकार पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर दे रही नौकरियां
- कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार और रेवड़ी कल्चर चलता था

### पटवारी की परीक्षा पात्रता मापदंड में बदलाव के कारण रद्द की गई थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारी व नहरी पटवारी की परीक्षा पात्रता मापदंड में बदलाव के कारण रद्द की गई थी। इसे सामान्य पात्रता परीक्षा के अधीन पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार, पुलिस कांस्टेबल की लिखित परीक्षा भी पेपर लीक की आशंका के चलते रद्द की गई थी। इसकी भी तारीख फिर से निर्धारित करके सफलतापूर्वक परीक्षा आयोजित की गई और 16 जून, 2022 को परिणाम घोषित किया गया।

### अंग्रेजी प्रोफेसर भर्ती मामला हाईकोर्ट में

उन्होंने कहा कि सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी भर्ती के संदर्भ में भी पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न हुई। अंतिम परिणाम माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण लंबित है। सरकार इस मामले की प्रभावी पैरवी कर रही है और न्यायालय का निर्णय आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सहायक प्रोफेसर के 2 हजार 424 पदों के विरुद्ध 1,022 पदों की सिफारिश विभाग को भेजी जा चुकी है तथा शेष पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है। हेडमास्टर के पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया भी न्यायालय के आदेश के कारण रुकी हुई है, जिस पर सरकार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जल्द ही इस मामले का समाधान हो जाएगा।

### ...शायराना अंदाज, अब न खर्ची चलती है, न सिफारिश

उन्होंने शायराना अंदाज में विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब न खर्ची चलती है, न सिफारिश का दौर है, यह नया हरियाणा है, यहां काबिलियत का जोर है। जिनके दौर में परचे भी बोली पर बिक जाते थे, वे आज पाठ पढ़ा रहे, यह कैसा शोर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के 10 सालों के शासनकाल में की गई 11 भर्तियां रद्द हुई हैं। ये भर्तियां इन्होंने रद्द नहीं की थी बल्कि न्यायालय द्वारा रद्द की गई। इतना ही नहीं, कांग्रेस सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने वाली नीति भी कोर्ट ने रद्द कर दी थी।

### पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर शुरू होंगे सीएम श्री स्कूल

शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के निजी विद्यालयों में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लयूएस) / वंचित समूह (डीजी) के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रवेश स्तर की कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। सरकार जल्द ही पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर सीएम श्री स्कूल शुरू करेगी, जो की सीबीएसई पैटर्न पर होंगे। शिक्षा मंत्री बुधवार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु कुल 14,127 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 11,803 सफल आवेदकों को निजी विद्यालय आवंटित किए गये। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आरटीई के तहत दाखिले के लिए परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होना अनिवार्य है। सभी स्कूलों से खाली सीटों का ब्यौरा पोर्टल पर मंगवाया जाता है और प्राप्त आवेदनों के आधार पर ही दाखिले दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि केवल निजी स्कूल ही विकल्प नहीं हैं, गरीब बच्चे सरकारी स्कूलों में भी पढ़ रहे हैं।

## गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा को जोड़ेगा नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को अहम घोषणा की है। उन्होंने हरियाणा के शहरी परिवहन के इतिहास में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार ने 24 फरवरी को बैठक में गुरुग्राम–फरीदाबाद–नोएडा–ग्रेटर नोएडा नमो भारत आरआरटीएस सह मेट्रो कॉरिडोर के लिए फाइनल अलाइनमेंट को स्वीकृति दे दी है। इसकी डीपीआर को अंतिम रूप देने के लिए भारत सरकार की एजेंसी एनसीआरटीसी को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लगभग 64 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर होगा, जिसमें से करीब 52 किलोमीटर हरियाणा में है।

- मुख्यमंत्री ने सदन में दी जानकारी, कॉरिडोर कुल लंबाई, 64 किमी. होगी, अधिकांश हिस्सा हरियाणा में

### छछरौली के लोगों को 139 साल बाद मिलेगा मालिकाना हक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर का जिक्र करते हुए यमुनानगर के छछरौली निवासियों को बड़ी राहत दी है। छछरौली की अधिकांश जमीन को 1887 से सरकारी रिकॉर्ड में सरकारी ही दिखाया गया था। जिसके चलते 2020 से इस इलाके की रजिस्ट्री होना बंद हो गया था। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के छछरौली के हजारों नागरिकों के खसरा नम्बरों का हक वर्ष 1887 से प्रदेश सरकार के पास रहा है लेकिन पीढ़ियों से यहां पर सैकड़ों परिवारों के हजारों नागरिक पुरानी आबादी क्षेत्र में रह रहे थे, जिसे गैरमुमकिन आबादी इलाका दिखाया गया है।

### एससी, बीसी बैकलॉग खत्म करने की दिशा में बड़ी प्रगति : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायकों द्वारा उठाए गए अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और अन्य आरक्षित वर्गों के बैकलॉग के मुद्दे पर तथ्यात्मक जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और अन्य आरक्षित वर्गों के बैकलॉग का मुद्दा उठाने वाले विपक्षी सदस्य अपने गिरेबान में झांककर देखें कि इन्होंने अपने कार्यकाल में इन गरीब वर्गों के साथ क्या अन्याय किया था। इनके कार्यकाल में हजारों पद खाली रहे, लेकिन इन्होंने कभी उनकी सुध नहीं ली।

### दवाइयों का दुरुपयोग सहन नहीं : आरती राव

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में नशा रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कई कदम उठाए हैं। नशे की लत में पड़े युवाओं के उपचार, रोकथाम, जनजागरूकता तथा प्रवर्तन को सम्मिलित करते हुए बहुआयामी रणनीति अपनाई जा रही है।स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा सिरसा जिला में नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने तथा नियंत्रित करने संबंधी सवाल का जवाब दे रही थी। उन्होंने सिरसा जिला के बारे में बताया कि वर्ष 2025 में सिरसा में औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा 174 छापेमारी की गई, जिनमें 16 केमिस्ट दुकानों को सील किया गया, 6 लाइसेंस निलंबित तथा 12 लाइसेंस निरस्त किए गए। इस जिला में कुल 1,708 में से 1,650 केमिस्ट दुकानों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं।

### सरकार ने लाखों लोगों के राशन कार्ड काटे : आदित्य

कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर गरीबों के साथ बड़ा अन्याय करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने विधानसभा बजट सत्र में अपने अभिभाषण के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा सरकार पर हमला बोला। सुरजेवाला ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जनवरी 2024 में हरियाणा में कुल 44,99,450 बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड थे, जो दिसंबर 2024 तक बढ़कर 51,86,161 हो गए और मार्च 2025 में चरम पर पहुंचकर 52,50,740 हो गए। लेकिन इसके बाद मात्र 10 महीनों में यह संख्या घटकर जनवरी 2026 तक 39,88,155 रह गई। यानी 12,62,585 राशन कार्ड समाप्त कर दिए गए, जो लगभग 24% की कटौती है।

### कार्यवाही से हुड्डा और पनिहार के कुछ शब्द हटाए

प्रश्न काल में चर्चा के दौरान विधायक रणधीर पनिहार द्वारा कहे गए शब्द 'क्या करूँ, नलवा के साथ आदमपुर लगता है, उसकी बात इसलिए रखनी पड़ती है कि यहां के जो विधायक हैं वो तो संज्ञान लेते नहीं, इसलिए मुझे आदमपुर की भी चर्चा करनी पड़ती है, को सदन की कार्यवाही से निकलवाया गया।इसके अलावा प्रश्न काल के तुरन्त बाद, नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा कहे गए शब्द 'खानदान का तो बेरा नहीं भाई, ये सात मलंग हैं, एक का नाम 'बाबू' रखे हुए हैं, अब इनमें से 'बाबू' कौनसा है, इसके बारे में पता नहीं है, को सदन की कार्यवाही से निकलवाया गया।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

DD.NO. 21 दिनांक 24.02.2026 धारा 194 बी.एन.एस एस. थाना सेक्टर 27 जिला सोनीपत ।

नाश की पहचान

नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम नामालुम ।
पता-नामालुम ।
उम्र करीब 50 वर्ष ।
कद 5 फुट 7 ईन्च ।
हुलियाः- रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, मुँह खुला हुआ, आखें बंद, सफेद बाल हैं।
पहनावाः- ग्रे रंग की शर्ट व नीले रंग का कोट भुरे रंग की पजामी, पैरों में चमड़े की काले रंग की जूती पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.02.2026 को एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश प्रसुति विभाग, सिविल हस्पताल सोनीपत के बाथरुम में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए डैड हाऊस के सरकारी हस्पताल की मोचरी में 72 घंटों के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो॰ न0-7419410535
अनुसंधान कर्ता मो0 न॰- 9017611376
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4506/2026/43329/88/6 दि. 25.02.2026

**Horticulture Department (Haryana)**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com,Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्मीकम्पोस्ट युनिट में केचुएं खरीदने के लिए कोटेशन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वर्मीकम्पोस्ट युनिट के लिए केचुओं की आवश्यकता है जिसकी व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। केचुओं का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr. No. | Particulars | Specifications | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1. | Earthworm | **Species:-** Eisenia Fetida **Stage:-** Mature, breeding stage rapid worms capable of reproduction **Length:-**6-10 cm per worm | 100 किलोग्राम |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 03.03.2026 प्रातः 11:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मूल्य वाली कुट्टेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 9828499793 पर संपर्क करें।

हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच-1149/11/1056/2026/43322/88/6 दि. 25.02.2026

## एजेएल जमीन आवंटन मामले में पूर्व सीएम हुड्डा को राहत

- हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा लगाए आपराधिक आरोप किए खारिज

**चंडीगढ़।** करीब दो दशक पुराने पंचकूला संस्थागत प्लॉट पुनः आवंटन प्रकरण में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को बड़ी राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सीबीआई द्वारा लगाए गए आपराधिक आरोपों को खारिज कर दिया है।

न्यायमूर्ति त्रिभुवन दहिया की एकल पीठ ने कहा कि उपलब्ध सामग्री से न तो आपराधिक साजिश और न ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध का प्रथमदृष्टया आधार बनता है। मामला वर्ष 2005 में सेक्टर-6, पंचकूला स्थित एक संस्थागत प्लॉट के पुनः आवंटन से जुड़ा है, जो मूल रूप से वर्ष 1982 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को आवंटित हुआ था। निर्माण न होने के कारण 1992 में प्लॉट को पुनः अधिगृहित कर लिया गया था। बाद में 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में हुड्डा ने इसे मूल दरों के साथ ब्याज लेकर पुनः आवंटित करने का आदेश दिया था।

सीबीआई ने आरोप लगाया था कि यह पुनः आवंटन नियमों के विपरीत था और इससे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) को लगभग 63 लाख रुपये का नुकसान हुआ। इस आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) के तहत आरोप तय किए गए थे।

**मनरेगा का नाम बदलने का विरोध**

## विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस नेता गिरफ्तार, बाद में रिहा

- पुलिस के रोकने पर नहीं माने, बैरिकेड्स पर चढ़ने का प्रयास

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू की मनरेगा योजना का नाम बदलकर वीबी-जी रामजी करने के विरोध में बुधवार को हरियाणा के कांग्रेस विधायकों और सांसदों ने विधानसभा कूच करने का प्रयास किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद और हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आंदोलनकारी जैसे ही चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय से विधानसभा की ओर कूच करने लगे, चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें रोक लिया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बैरीकेड्स पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने सख्ती बरती और जाने नहीं दिया। बाद में चंडीगढ़ पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह सहित अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। कांग्रेस सांसदों और विधायकों को हिरासत में लेकर चंडीगढ़ पुलिस सेक्टर तीन थाने पहुंची, जहां कांग्रेस नेता धरने पर बैठ गए। वहीं पर केंद्र और राज्य सरकार के विरुद्ध कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें रिहा कर दिया।



## हर अपमानजनक या मजाकिया शब्द को अश्लील नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि हर अपमानजनक या मज़ाकिया शब्द को अश्लील नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 294 के तहत अपराध तभी बनता है, जब शब्दों में यौन उत्तेजना पैदा करने की स्पष्ट क्षमता हो। इसी कानूनी कसौटी पर खरा न उतरने के कारण दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि एक आवासीय सोसायटी के 'कल्चरल व्हाट्सएप ग्रुप' में उसकी प्रोफाइल फोटो साझा किए जाने के बाद याची ने आपत्तिजनक और तथाकथित रूप से यौन टिप्पणी की, जिससे उसकी गरिमा आहत हुई। अदालत ने धारा 294 आईपीसी के परविधानों की व्याख्या करते हुए कहा कि अश्लीलता सिद्ध करने के लिए यह आवश्यक है कि शब्द यौन रूप से अशुद्ध विचार उत्पन्न करने में सक्षम हों। केवल अपमानजनक, व्यंग्यात्मक या असभ्य शब्द अपने आप में इस धारा के तहत अपराध नहीं बनाते। पीठ ने माना कि याची द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द और इमोजी अच्छे में नहीं थे और किसी महिला को ठेस पहुंचा सकते थे, लेकिन वे कानून की परिभाषा के अनुरूप अश्लील नहीं थे। महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि व्हाट्सएप ग्रुप, जहां सभी सदस्य संदेश पढ़ सकते हैं, धारा 294 के उद्देश्य से 'सार्वजनिक स्थान' की श्रेणी में आएगा। हालांकि, इस मामले में संदेशों की सामग्री अश्लीलता की कानूनी सीमा को पार नहीं किया।



- कल्चरल व्हाट्सएप ग्रुप में टिप्पणी करने पर दर्ज एफआईआर रद

### 13 वर्षीय छात्र की हादसे में हुई थी मौत, मुआवजा बढ़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 2006 के एक सड़क हादसे में मारे गए 13 वर्षीय छात्र के मामले में निर्णय देते हुए कहा है कि नाबालिग की आय का आकलन 'कुशल श्रमिक' के न्यूनतम वेतन के आधार पर किया जाना चाहिए। अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी), अंबाला द्वारा दिए गए 1.50 लाख रुपये के एकमुश्त मुआवजे को बढ़ाकर 7.60 लाख रुपये कर दिया।जस्टिस अलका सरीन ने यह आदेश उस अपील पर पारित किया, जो निर्मला देवी व अन्य ने वर्ष 2007 के एमएसीटी के फैसले के विरुद्ध दायर की थी। मामला 12 अप्रैल 2006 को हुए हादसे से संबंधित है, जिसमें आठवीं कक्षा के छात्र दलीप कुमार की मृत्यु हो गई थी।हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनल द्वारा 1.50 लाख रुपये का एकमुश्त मुआवजा देना विधिसम्मत सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है।

- आय का आकलन 'कुशल श्रमिक' के न्यूनतम वेतन के आधार पर किया जाए

### आरोही स्कूलों के अनुबंधित शिक्षकों की सेवा नियमित करने के आदेश बरकरार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने एकल बेंच के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार की अपील को खारिज करते हुए आरोही माडल स्कूलों के अनुबंधित शिक्षकों व कर्मचारियों की सेवा नियमित करने के आदेश को बरकरार रखा है। नवम्बर माह में एकल पीठ ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जिन कर्मचारियों ने पांच वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली है, उन्हें उनके पदों पर नियमित नियुक्ति दी जाए। कोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि सोसाइटी की सेवा बाइलाज 2011 के परविधान के अनुसार कोई भी अनुबंधित कर्मचारी पांच वर्ष की सेवा के उपरांत नियमित नियुक्ति का हकदार है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को यह भी बताया कि सोसाइटी की जनरल बाडी ने 12 फरवरी 2019 और 21 जुलाई 2023 की बैठकों में कर्मचारियों की सेवाओं के नियमितीकरण का निर्णय ले लिया था।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड बवानी खेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जमालपुर द्वितीय में सफाई कर्मचारी का एक पद रिक्त है। सरकार की हिदायतानुसार इसे भरा जाना है। आवेदन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बवानी खेड़ा में दिनांक 09.03.2026 तक जमा करवा सकते हैं। जिसकी शर्ते निम्न प्रकार से हैं-

| क्र. सं. | खंड का नाम | ग्राम का नाम पंचायत | दस्तावेज | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बवानी खेड़ा | जमालपुर द्वितीय | साधारण कागज पर प्रार्थना पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र मूल निवासी प्रमाण पत्र, शारीरिक रूप से कार्य करने में समर्थ, आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष, आवेदनकर्ता उसी गांव का निवासी हो, 02 पासपोर्ट साईज फोटो। | दिनांक 09.03.2026 तक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र पूर्ण दस्तावेजों सहित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बवानी खेड़ा में स्वयं उपस्थित होकर जमा करवा सकता है। दिनांक 09.03.2026 के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र नहीं लिया जाएगा। |

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
बवानी खेड़ा जिला भिवानी।

हस्ता/-सरपंच
ग्रांप पंचायत जमालपुर द्वितीय
खंड बवानी खेड़ा (भिवानी)।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं निदेशालय हरियाणा | हरियाणा सरकार की स्कीमों, कार्यक्रमों इत्यादि के बारे में जानकारी फ्लैक्स, होर्डिंग्स, विनायल (सॉल्वेंट) प्रिंट इत्यादि के लिए बोलियों के आमंत्रण हेतु ई-निविदा सूचना। | 26.02.2026 17.03.2026 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-5059128 diprexhibition@gmail.com |
| 2 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | एचएसएससी को टेंट सम्बन्धित सेवाओं का प्रावधान। | 24.02.2026 02.03.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9814201658 hsscresultpublication@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | झज्जर जिले में सेक्टर-13 बहादुरगढ़ में रेवेन्यू ऑफिसर्स/ऑफिशियल्स हेतु 1 अदद 1900 वर्गफुट, 1 अदद 1300 वर्गफुट, 5 अदद 950 वर्गफुट, 22 अदद 650 वर्गफुट और 12 अदद 550 वर्गफुट के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास। (फेज-II बकाया कार्य)। | 24.02.2026 05.03.2026 | 6.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | कोठ कलां :- गांव कोठ कलां जिला हिसार में डीआई पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन। 'गांव कोठकलां में डीआई पाइप लाइन बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।' | 20.02.2026 02.03.2026 | 50.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पानीपत | यमुना नदी बाढ़ 2025 के पश्चात 2 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण, 2 अदद पुराने स्टोन स्टड्स की मरम्मत और 2500 फुट स्टोन रिवर्टमेंट द्वारा खोजकीपुर कॉम्पलैक्स में सुरक्षा कार्य का प्रावधान + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.03.2026 | 1007.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 6 | पंचायती राज ब्लॉक झोझू कलां | गांव चांगरोड में डीपी होशियार से मेन फिरनी तक गली का निर्माण (स्कीम-एफएफसी)। | 23.02.2026 03.03.2026 | 6.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 sdoprjhojhukalan@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव डांग खुर्द ब्लॉक तोशाम में पंचायत घर के निकट अम्बेडकर भवन का निर्माण, एचजीवीवाई + 1 कार्य। | 24.02.2026 02.03.2026 | 34.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/140/43349/I/88/6 दि. 25.02.26

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ की धोखाधड़ी में दो पूर्व कर्मचारी और भाई-बहन गिरफ्तार

# आरोपी मैनेजर ने पत्नी की कंपनी में भेजे थे 300 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक धोखाधड़ी मामले में हरियाणा के राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुख्य षड्यंत्रकर्ता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से दो लोग आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पूर्व कर्मचारी और दो अन्य एक साझेदार कंपनी के मालिक हैं, जो भाई बहन हैं। अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तारियां मंगलवार शाम को की गई।

पंचकूला में मीडिया से बात करते हुए एसीबी के महानिदेशक एएस चावला ने गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रिभव ऋषि, अभय कुमार, स्वाति सिंगला और अभिषेक सिंगला के रूप में की। उन्होंने बताया कि ऋषि और अभय आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पूर्व कर्मचारी हैं, जबकि स्वाति और अभिषेक भाई-बहन हैं जो 'स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट' नामक एक फर्म चलाते थे।

### आरोपियों ने छह माह पहले छोड़ दी थी नौकरी

चावला ने बताया कि ऋषि छह महीने पहले तक बैंक की सेक्टर-32 शाखा का प्रमुख था और इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। उन्होंने बताया कि बैंक के 'रिलेशनशिप मैनेजर' अभय ने पिछले साल अगस्त के आसपास नौकरी छोड़ दी थी। उन्होंने कहा कि ऋषि और अभय ने मिलकर इस धोखाधड़ी की साजिश रची थी। अधिकारी ने बताया कि 'स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट' कंपनी के बैंक खाते में कुल 300 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए गए। उन्होंने बताया कि कंपनी की मुख्य मालिक स्वाति सिंगला हैं, जो 75 प्रतिशत शेयरधारक हैं, जबकि उसके भाई अभिषेक सिंगला के पास शेष 25 प्रतिशत शेयर हैं। चावला ने कहा कि स्वाति सिंगला अभय की पत्नी हैं। हमने चारों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि आईडीएफसी बैंक ने हरियाणा सरकार के खातों में उसके कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा की गई 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का रविवार को खुलासा किया था। अवैध रूप से मिलीभगत कर विभाग के पैसे निकाले गए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को विधानसभा में कमेटी गठित करने की बात कही थी।

### जुलाई में वित्त विभाग ने चेताया था

बताया जा रहा है कि बैंक में गड़बड़ी की भनक पिछले साल जुलाई में ही लग गई थी। इसे लेकर वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों को लेटर लिखकर अलर्ट भी किया था। वित्त विभाग ने चेताया था कि कुछ विभाग बैंक खातों के संचालन और एफडी करवाने में नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। नियमों की अनेदखी करके बैंक संबंधी कार्य हो रहे हैं। बैंक खाते खोलने में भी अनियमितता नजर आ रही है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। कमेटी की नजर कई अधिकारियों पर भी है।




### खबर संक्षेप

#### 12वीं का रोल नंबर लेकर आ रहे परिवार के इकलौते सहारे की मौत



**कैथल।** कलायत के गांव चौशाला के बारहवीं कक्षा के छात्र रोहित की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक 12वीं कक्षा में पढ़ता था और बुधवार को उसकी परीक्षा थी। मंगलवार सायं वह अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर अपना रोल नंबर लेकर गांव बात्ता से अपने गांव चौशाला आ रहा था। रास्ते में एक राजवाहे की पुलिया के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया। उसका सिर पुलिया जा टकराया। बाइक पर बैठा दूसरा युवक उछलकर पास के खेत में जाकर गिरा। राहगीरों ने इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक के पिता रमेश कुमार ने बताया कि वह और उनकी पत्नि दोनों अस्वस्थ हैं। उनका बेटा पढ़ाई के साथ साथ मेहनत मजदूरी करके परिवार का पोषण करता था। मृतक की एक बड़ी बहन व छोटा भाई है, जिसके विवाह व पढ़ाई का जिम्मा भी रोहित ने उठा रखा था।

#### भागवत 27 को अंबाला व 28 को कुरुक्षेत्र में

**कुरुक्षेत्र।** आरएसएस शताब्दी वर्ष को लेकर आरएसएस की ओर से देश भर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरसंघचालक मोहन भागवत का दो दिवसीय हरियाणा प्रदेश में प्रवास रहेगा। मोहन भागवत 27 फरवरी को पुलिस लाइन अंबाला में पूर्ण गणवेश कार्यक्रम में शामिल होंगे और 28 फरवरी को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद भगवतगीता सदन (ऑडिटोरियम) में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी में प्रबुद्धजनों को संबोधित करेंगे। गोष्ठी में 500 के करीब शिक्षाविद, सेवानिवृत अधिकारी और सेवानिवृत्त न्यायाधीश हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश ने बताया कि संघ के सौ साल की यात्रा पूरी हो चुकी। देश भर में ये कार्यक्रम चल रहे हैं।

#### 50 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार



**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से एक नशा तस्कर को करीब 50 लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बुधवार को बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान पंजाब के जिला मुक्तसर निवासी हरजिंद्र सिंह के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि सीआईए स्टाफ सिरसा की पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव चक्क साहिबा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से 266 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने बताया कि उक्त हेरोइन पंजाब के लोहगढ़ क्षेत्र से लेकर आया था।

## प्रदेश के कई जिलों के अस्पताल आयकर विभाग के राडार पर, रिकॉर्ड खंगाला

# करोड़ों रुपये के लेनदेन के शक में हिसार के नामी डॉक्टर के अस्पताल और घर पर छापा

- *हिसार, झज्जर, रोहतक और नारनौल के अस्पतालों में चल रही कार्रवाई, आपस में अस्पतालों का बताया जा रहा है कनेक्शन, हिसार में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा में एक अस्पताल बेचने की बात आ रही सामने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश के कई जिलों के अस्पतालों में बुधवार को आयकर विभाग की टीमों ने दस्तक दी। इस दौरान करोड़ों रुपये के लेनदेन के शक में कई घंटों तक रिकॉर्ड खंगाला गया। जानकारी के अनुसार, हिसार के नाम डॉक्टर के अस्पताल व घर के अलावा नारनौल, झज्जर व रोहतक के अस्पतालों पर भी सर्वे हुआ है।

शहर के प्रतिष्ठित न्यूरो सर्जन के आवास व अस्पतालों पर बुधवार तड़के आयकर विभाग ने सर्वे की कार्रवाई की। सर्वे की यह कार्रवाई रोहतक की आयकर आयुक्त आईआरएस राजेंद्र सिंह की नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में आयकर विभाग की 8 टीम देर शाम तक सर्वे करने में जुटी थी।

बताया जाता है कि न्यूरो सर्जन ने अपना नया अस्पताल बनाने के बाद कुछ महीने पहले अपने पुराने अस्पताल को बेच दिया था। चर्चा है कि अस्पताल 100 करोड़ से अधिक रुपये में बिका था। उसके बाद न्यूरो सर्जन ने नेशनल हाइवे पर हांसी के पास एक मॉल तथा अपने नए अस्पताल के पीछे जमीन का सौदा करने की भी बातें सामने आई थी। एक के बाद एक कई बड़े सौदे किए जाने के बाद से न्यूरो सर्जन आयकर विभाग की राडार पर थे। आयकर विभाग में न्यूरो सर्जन से जुड़े बैंक खातों की भी लगातार मॉनिटरिंग चल रही थी।



**हिसार।** डॉक्टर के आवास के बाहर खड़ी आयकर विभाग की गाड़ियां।

### झज्जर में निजी अस्पताल में जांच

**झज्जर।** बुधवार को शहर के सिलानी गेट क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में आयकर विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई की। आयकर विभाग की टीम अलसुबह ही अस्पताल परिसर पहुंच गई। बाद में उन्होंने अस्पताल के अलग-अलग कमरों में बैठकर रिकॉर्ड को खंगाला।

### रोहतक में दो अस्पतालों पर कार्रवाई

**रोहतक।** आयकर विभाग ने बुधवार को शहर के दो प्रमुख निजी अस्पतालों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चली। विभाग की टीमों ने अस्पतालों के वित्तीय दस्तावेजों, आय-व्यय से जुड़े रिकॉर्ड, बिलिंग सिस्टम, कैश बुक, बैंक लेन-देन और अन्य महत्वपूर्ण कागजातों की गहन जांच-पड़ताल की। सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग को इन अस्पतालों के लेन-देन और कर विवरण से जुड़ी कुछ जानकारियों में विसंगतियों की सूचना मिली थी। इसी आधार पर विभाग ने एक साथ कई स्थानों पर कार्रवाई की। रोहतक के अलावा हरियाणा के अन्य जिलों में भी इसी नेटवर्क से जुड़े प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान टीम के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा।

### नारनौल में पांच घंटे रिकॉर्ड जांचा

**नारनौल।** शहर के एक निजी अस्पताल में बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह दस्तक दी। यहां दिनभर अस्पताल में मौजूद दस्तावेजों को खंगाला गया। जानकारी के अनुसार रोहतक से आई आयकर विभाग की टीम सुबह अस्पताल पहुंची। करीब पांच घंटे तक दस्तावेजों की जांच करती रही। बताया जा रहा है कि टीम में करीब 12 अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इस टीम ने अस्पताल के वित्तीय रिकॉर्ड, बिलिंग और अन्य संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की।

## पानीपत में तीसरे दिन फिर मजदूर हड़ताल

# रिफाइनरी श्रमिकों ने जाम लगा किया पथराव, लाठीचार्ज



**पानीपत।** आंदोलनकारी श्रमिकों पर लाठीचार्ज करती पुलिस टीम।

- मांगें पूरी होने पर श्रमिकों के आज काम पर लौटने की उम्मीद, रिफाइनरी क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

रिफाइनरी में कार्यरत हजारों श्रमिकों ने बुधवार को फिर प्रदर्शन किया और सड़क के बीच में बैठक कर यातायात जाम कर दिया। इधर, रिफाइनरी क्षेत्र में तैनात पुलिस बल ने प्रदर्शनकारी श्रमिकों को समझाकर सड़क से हटाने के प्रयास किए। इस दौरान पथराव हो गया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया। इसमें एक युवक धर्मेंद्र का हाथ टूट गया।

प्रदर्शनकारी मजदूर मांग कर रहे थे कि उनकी जो मांगें मंगलवार को मानी गई हैं, उनके संबंध में रिफाइनरी में बोर्ड पर लिखवाया जाए। साथ ही, जो ठेकेदार इसका पालन न करे, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए। दूसरी ओर, दोपहर को आईओसीएल के अधिकारियों ने अपने लैटर हेड पर श्रमिकों की पूरी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन लिखित में दिया। इसके बाद मजदूर शांत हुए और वीरवार से काम पर लौटने का आश्वान दिया। बता दें कि श्रमिक काम के आठ घंटे, श्रम स्थल पर शौचालय व कैंटीन, दुर्व्यवहार करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई आदि मांगों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर थे।

## बिना मंजूर पद पर नियुक्ति का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

# एडिशनल व म्युनिसिपल डिप्टी कमिश्नरों की नियुक्ति पर सरकार को नोटिस जारी

- सरकार का जवाब- पदों को भरने के लिए ड्राफ्ट नियम बनाए थे, प्रक्रिया पूरी करने को दो माह का समय मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की विभिन्न म्युनिसिपल बॉडी में एडिशनल और डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नरों का काडर पद न होने के बावजूद इन पर नियुक्ति करने को जनता के पैसे का दुरुपयोग बताते हुए दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि प्रदेश में मौजूद एमसी के 1973 और 1994 के एक्ट को मर्ज करके अब एक एक्ट बनाने की तैयारी की जा रही है।

यमुनानगर निवासी श्याम सुंदर शर्मा ने हाईकोर्ट को बताया कि किसी भी नियुक्ति के लिए स्वीकृत काडर पद होना अनिवार्य होता है। हरियाणा म्युनिसिपल एक्ट के अनुसार हरियाणा में म्युनिसिपल बॉडी में एडिशनल और डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर काडर का कोई मंजूर पद नहीं है। मंजूर पद के अभाव में इन पर नियुक्ति करना सीधे तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग है। कोर्ट को बताया गया कि प्रमोशन के नाम पर इन पदों को भरकर हर महीने करीब 2 लाख रुपये के वेतन का भुगतान किया जा रहा है।

हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जवाब मांगा तो सरकार ने बताया कि इन पदों को भरने के लिए ड्राफ्ट नियम तैयार किए गए थे। इन नियमों को किसी तरह से अंतिम रूप नहीं दिया जा सका था। हालांकि इन पदों को भरने के लिए आवश्यक मंजूरियां ली जा चुकी थीं। हरियाणा सरकार से हाईकोर्ट ने पूछा कि यह अंतिम रूप देने की प्रक्रिया कितना समय लेगी। हरियाणा सरकार ने कहा कि उन्हें मोहलत दी जाए। हाईकोर्ट ने दो माह की मोहलत देते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

### संशोधन अब करने जा रहे पूर्व में दी पदोन्नति का क्या?

कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि अब काडर पद बनाकर यह लाभ दिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि यह तो वर्तमान से लागू होगा। इससे पहले जिन लोगों को इन पदों पर नियुक्ति व लाभ दिए जा चुके हैं उनका क्या होगा। कोर्ट ने इस विषय पर अगली सुनवाई पर पक्ष रखने का सरकार को आदेश दिया है।

# ट्रायल : जींद से गोहाना के मुहाना तक चली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन



**60 से 70**
किलोमीटर प्रति घंटा रही ट्रेन की स्पीड, जींद से पिंडारा व ललितखेड़ा तक हाइड्रोजन इंजन के साथ ट्रेन का रनिंग ट्रायल हुआ

**30 से 35**
पानी के कैन ट्रेन के एक डिब्बे में रखे गए, एक कैन दस से 15 लीटर का था। इससे पहले 22 फरवरी को ट्रायल टल गया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन आखिरकार लंबे समय के बाद ट्रायल के लिए पटरी पर उतरी। हाइड्रोजन ट्रेन को पटरी पर चलता देखने के लिए लोगों में बहुत उत्सुकता थी। बुधवार को सुबह सात बजे यार्ड से हाइड्रोजन ट्रेन को बाहर निकाला गया। इसे डीजल इंजन की सहायता से हांसी रोड पुल के नीचे तक लाया गया। यहां ट्रेन थोड़ी देर रुकी और इसके बाद ट्रेन को वापस जंक्शन पर ले जाया गया। यहां से सुबह आठ बजकर 25 मिनट पर ट्रेन सोनीपत की ओर रवाना हुई। सुबह आठ बजकर 40 मिनट पर डीजल इंजन से ट्रेन पिंडारा पहुंची। यहां से डीजल इंजन को हटाकर ललितखेड़ा तक हाइड्रोजन इंजन के साथ ट्रेन का रनिंग ट्रायल किया गया। दोनों स्टेशनों के बीच दो बार ट्रेन को चलाया गया। इस दौरान ट्रेन की स्पीड 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा रही और दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी दस किलोमीटर है। फिर पिंडारा पहुंचने के बाद गोहना से आगे मुहाना तक डीजल इंजन के साथ ही करीब साढ़े 4 बजे हाइड्रोजन ट्रेन को ले जाया गया। फिर मुहाना से वापसी जींद की तरफ हाइड्रोजन ट्रेन को साढ़े 5 बजे लाया गया।

## हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं के पहले दिन नकल के 17 केस बने, 2 पर्यवेक्षक रिलीव

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हुई। बुधवार को सीनियर सेकेंडरी अंग्रेजी एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष रि-अपीयर की परीक्षा हुई। प्रदेश के परीक्षा केन्द्रों पर नकल के 17 मामले पकड़े गए तथा 2 पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त कर दिया गया है। परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., रानीला-2 पर तैनात पर्यवेक्षक जगबीर, कंप्यूटर एल.ए. और धमेन्द्र, आर्ट एजुकेशन सहायक, रा.व.मा.वि., ऊण को कार्यभार मुक्त करवाया गया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. (प्रो.) पवन कुमार ने बताया कि परीक्षा में प्रदेशभर में 1177 परीक्षा केन्द्रों पर करीब 2,65,851 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। उन्होंने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते द्वारा भिवानी, बवानीखेड़ा व सिवानी मंडी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

## मानव तस्करी में साइबर ठग गिरोह के दो आरोपी काबू

- नौकरी का लालच देकर थाईलैंड भेजकर साइबर ठगों के जाल में फंसवा दिया था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



पुलिस ने धोखाधड़ी से मानव तस्करी करने के मामले में हिसार जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित व्यक्ति को बीती 7 जनवरी को भारतीय एंबेसी द्वारा भारत लाया गया था। पीड़ित व्यक्ति सिरसा जिला निवासी निवेश कुमार की शिकायत पर जांच जारी थी। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि हिसार के बगला निवासी सोनू मेहरिया ने थाईलैंड में नौकरी लगवाने का लालच देकर 40 हजार लिए। पीड़ित युवक निवेश 18 मई 2025 को बैंकाक पहुंच गया। उसे वहां जंगल के रास्ते म्यांमार की सीमा पर पहुंचाया दिया। म्यांमार पहुंचने के बाद निवेश कुमार को साइबर फ्रॉड के लिए मजबूर किया गया। किसी तरह वहां से छूटकर 7 जनवरी को वापस भारत भेजा गया। पुलिस ने अब आरोपी हिसार जिला निवासी आशीष व सोनू महेरिया को हिसार से गिरफ्तार कर लिया है।

## सनकी आशिक — लंदन से एलएलएम करने वाला आरोपी युवक गुरुग्राम पुलिस ने पकड़ा

प्यार के लिए कुछ भी करेगा

# पूर्व प्रेमिका का इंटरव्यू टालने के लिए कंपनी को भेजी बम की झूठी ई-मेल, कई घंटे चली जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

इंसान प्यार के लिए कुछ भी कर सकता है। ऐसा ही एक मामला गुरुग्राम में सामने आया। यहां प्रेमी ने अपनी पूर्व प्रेमिका का इंटरव्यू टालने के लिए एक कंपनी को बम से उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल भेज दी। ई-मेल के बाद कंपनी कैंपस में हड़कंप मच गया। सूचना देकर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने कंपनी को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई बम नहीं मिला। पुलिस ने स्निफर डॉग और मेटल डिटेक्टर की मदद से एक- एक कैबिन चेक किया। इस दौरान दहशत का माहौल बना रहा। कई घंटे जांच के बाद पुलिस ने बम न होने की पुष्टि की तो सबने चैन की सांस ली। बुधवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी अपनी पूर्व प्रेमिका से दोबारा रिश्ते सुधारना चाहता था। वह सोच रहा था कि यदि उसकी पूर्व प्रेमिका इंटरव्यू नहीं होगा तो वह दोबारा उसके पास आ जाएगी। पुलिस ने आरोपी अनिकेत पॉल (29) का गिरफ्तार किया है। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। आरोपी ने लंदन के किंग्स कॉलेज से एलएलएम की डिग्री हासिल की है। गुरुग्राम के सेक्टर 43 स्थित वन होराइजन सेंटर में एक निजी कंपनी के ऑफिस को बुधवार सुबह करीब 9 बजे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। एसीपी विकास कौशिक के नेतृत्व में डीएलएफ थाना साइबर पूर्व की टीम, बम निरोधक दस्ता और अन्य ने परिसर को खाली करवाया और कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया।



**गुरुग्राम।** कंपनी में बम की फर्जी सूचना देने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### डेढ़ साल पहले हो गया था ब्रेकअप

एसीपी विजय कौशिक ने बताया कि आरोपी अनिकेत पॉल (29) पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। अब वह गुरुग्राम की ही एक कॉलोनी में रह रहा है। जांच में पता चला कि आरोपी इंटरव्यू देने वाली युवती के साथ रिलेशनशिप में था, लेकिन करीब डेढ़ साल पहले दोनों का ब्रेकअप हो गया था। आरोपी अनिकेत ने एक्स गर्लफ्रेंड का इंटरव्यू टालने के लिए बम की फर्जी सूचना दी। अनिकेत ने सोचा कि इंटरव्यू स्थगित हो जाएगा तो वह दोबारा उसके पास आ जाएगी। एसीपी विकास कौशिक ने बताया कि आरोपी पर आईटी एक्ट की धाराएं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि ईमेल किसी प्रॉक्सी या फेक आईडी से भेजा गया था, लेकिन तकनीकी सबूतों से पुलिस आरोपी तक पहुंची।

# दूध के टैंकर में छिपाकर लाए 2900 लीटर डीजल को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहर व आसपास के क्षेत्र में सस्ते दामों पर मिलावटी व अवैध डीजल की बिक्री का नेटवर्क थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को पुलिस ने गोरखपुर क्षेत्र के नहर पुल के पास नाकाबंदी कर दूध के टैंकर में छिपाकर ले जाए जा रहे 2900 लीटर अवैध डीजल को पकड़ा। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अशोक कुमार पुत्र महाबीर सिंह निवासी गोरखपुर व राजेश रेढू पुत्र बलराज सिंह निवासी बालक, हिसार के रूप में हुई है।

भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि 25 फरवरी को सब इंस्पेक्टर रामपाल खिलेरी के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। यहां जांच में टैंकर की तलाशी लेने पर उसमें करीब 2900 लीटर तेल भरा मिला। वाहन के पिछले हिस्से में तेल मापने की मशीन भी लगी थी। चालक किसी प्रकार का वैध बिल, परमिट या परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इससे पहले भी अवैध तेल के दो बड़े मामले सामने आ चुके हैं।



**भूना।** टैंकर सहित पकड़ा आरोप।

## खबर संक्षेप

### गाजियाबाद के ग्रीन फील्ड स्कूल में घुसा तेंदुआ

**गाजियाबाद।** यूपी के गाजियाबाद के गोविंदपुरम के ग्रीन फील्ड स्कूल में तेंदुए की सूचना है। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। एहतियात के तौर पर बैरिकेडिंग करके सुरक्षा इंतजाम किए गए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस सुरक्षा के इंतजाम कर रही है। 7 घंटे बाद बाहर निकाला।



### सोरेन के खिलाफ ईडी केस में सुनवाई पर रोक

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई पर रोक लगा दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सोरेन की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। याचिका में सोरेन ने मामले को रद्द करने का अनुरोध किया था।

### झारखंड के पूर्व सीएम चंपई के पोते की मौत

**शिमला।** पर्यटन नगरी के एक होमस्टे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई है। सोमवार दोपहर को वह बिस्तर से गिरा। जिसके बाद अस्पताल ले जाते वक्त मुंह से झाग निकली। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### कर्नाटक सीएम पद पर गृहमंत्री ने भी ठोका दावा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीएम पद को लेकर खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अभी सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ही खींचतान थी, अब राज्य के गृह मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी परमेश्वर भी सीएम पद की रेस में शामिल हो गए हैं। परमेश्वर ने कहा उनके समर्थक सीएम पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव दे रहे हैं।



---

### क्राइम थ्रिलर फिल्म 'घूसखोर पंडत' की सुनवाई में सुको की टिप्पणी

# बड़े नेता-अफसर समुदाय विशेष को टारगेट नहीं कर सकते



धर्म या जाति के आधार पर बदनाम करने का अधिकार नहीं : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए भाईचारे को जरूरी बताते हुए कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोग धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर किसी विशेष समुदाय को निशाना नहीं बना सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सरकारी हो या गैर सरकारी हो, भाषणों, मीम्स, कार्टून या चित्रों के जरिए किसी विशेष समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने यह टिप्पणियां फिल्म 'घूसखोर पंडत' की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर एक अलग फैसले में कीं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है और याचिका में इसकी रिलीज को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति भुइयां ने 39 पृष्ठों के फैसले में लिखा, "संवैधानिक रूप से यह अस्वीकार्य है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सरकारी हो या गैर सरकारी हो, भाषण, मीम, कार्टून, दृश्य कला आदि के माध्यम से किसी भी समुदाय को बदनाम करे और उसकी निंदा करे।" उन्होंने लिखा, "धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर किसी विशेष समुदाय को निशाना बनाना संविधान का उल्लंघन होगा, चाहे वह व्यक्ति कोई भी हो। यह विशेष रूप से उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों के लिए है, जिन्होंने संविधान को बनाए रखने की शपथ ली है।'

#### फिल्म रिलीज पर रोक वाली याचिका का निपटारा

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और नभुइयां की पीठ ने 19 फरवरी को फिल्म निर्माता नीरज पांडे के हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेने के बाद फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका का निपटारा किया और कहा कि उम्मीद है कि इस विवाद का हर तरह से अंत हो जाएगा। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि संविधान के प्रमुख उद्देश्यों में से एक का उल्लेख प्रस्तावना में किया गया है और उसके अनुसार, भारत के सभी नागरिकों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देना, व्यक्ति की गरिमा तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखना है।

---

### अफसर के फ्लैट से 4.27 करोड़ नकदी जब्त





*खान विभाग के अधिकारी की भ्रष्टाचार के मामले में हुई गिरफ्तारी, कोयला विक्रेता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया*

कई संपत्तियों में भुवनेश्वर में स्थित दो मंजिला मकान व लगभग 130 ग्राम सोना भी बरामद हुआ, 2009 में भी भ्रष्टाचार का केस दर्ज हुआ

---

### राहुल के 'कम्प्रोमाइज्ड पीएम' तंज पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार

# दो टूक: गांधी परिवार व कांग्रेस पार्टी है समझौतावादी: गोयल

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन

*'कॉम्प्रोमाइज्ड' पर छिड़ी बहस, भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग छिड़ी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के बाद से कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच 'कम्प्रोमाइज्ड' विवाद गहराता जा रहा है। वहीं, राहुल गांधी के पीएम मोदी पर 'कम्प्रोमाइज्ड' आरोप के बाद से ही भाजपा काफी आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए 'तुच्छ राजनीति' कर रहे हैं और भारत विरोधी ताकतों के हाथों की 'कठपुतली' की तरह काम कर रहे हैं।

गोयल ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी परिवार 'कम्प्रोमाइज्ड' (समझौता कर चुका) परिवार है और कांग्रेस एक 'कम्प्रोमाइज्ड' राजनीतिक दल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया है और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई।' गांधी ने भारत विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर 'राष्ट्र हित' से समझौता किया है। गांधी नकारात्मक राजनीति का 'चेहरा' बन गए हैं।

अब भाजपा अध्यक्ष ने तो कांग्रेस पर हमला बोला, इसी आरोप की पुनरावृत्ति केंद्रीय मंत्री ने भी करते हुए गांधी परिवार को घेरा





#### पटना में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टिप्पणी

#### राहुल 'समझौता मिशन' पर, 'पाक समर्थक तत्वों' से करीबी संबंध



**पटना (भाषा)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह भारत की सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किए बिना विदेश यात्राएं करते हैं और उनके भारत-विरोधी एवं पाकिस्तान समर्थक तत्वों से करीबी संबंध हैं। नवीन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर समझौता मिशन पर होने का आरोप लगाया, जिसकी शुरुआत उनके पिता (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी) के नाना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू से हुई, जो पीढ़ियों तक जारी रहा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए शर्टलेस प्रदर्शन के बाद आई है। प्रदर्शन के दौरान पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड का नारा लगाया गया था, जो कथित तौर पर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दबाव में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की ओर संकेत था। करीब एक माह पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए बिहार के विधायक नवीन ने कहा कि आज मैं नेहरू-गांधी परिवार के उस समझौता मिशन को उजागर करना चाहता हूं, जिसने राष्ट्रीय हितों की कीमत पर निजी लाभ को तरजीह दी। मैं राहुल गांधी को बेनकाब करना चाहता हूं, जो खुद को बब्बर शेर की तरह प्रस्तुत करते हैं।

#### सोशल मीडिया पर हैशटैग 'कांग्रेस कम्प्रोमाइज्ड'

*जबकि भाजपा एआई समिट में कांग्रेस के किए प्रदर्शन को लगातार 'देश की छवि धूमिल करने' का प्रयास बताकर पूरे देश में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही है सोशल मीडिया पर हैशटैग 'कांग्रेस कम्प्रोमाइज्ड' और पीएम कम्प्रोमाइज्ड ट्रेंड कर रहे हैं, जहां भाजपा ने गांधी परिवार की विदेशी फंडिंग और कांग्रेस ने मोदी के अदाणी-अंबानी लिंक्स पर हमले किए हैं। हालांकि दोनों ही पार्टियां इस विवाद को बजट सत्र में उठाने की भी तैयारी कर रहीं हैं, जिससे बजट सत्र का दूसरा हिस्सा भी हंगामेदार होने की संभावना है। दोनों ही पार्टियां राष्ट्रहित से समझौते के आरोप लगा रही हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस को 'समझौता वाली पार्टी' बताया, जबकि कांग्रेस ने मोदी से अदाणी संबंध स्पष्ट करने की मांग की।*

---

# राहुल ने मोहम्मद दीपक को बताया असली देशभक्ति

एजेंसी ▶▶ देहरादून

'मोहम्मद' दीपक के नाम से मशहूर जिम ट्रेनर दीपक कुमार 23 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मिले थे, जिसके दो दिन बाद आज राहुल गांधी ने मुलाकात का वीडियो जारी किया। इस दौरान उनके साथ उनके दोस्त विजय रावत भी थे।

6 मिनट के इस वीडियो में राहुल गांधी ने सबसे पहले जिम ट्रेनर दीपक कुमार से पूछा- "एक्जैक्टली क्या हुआ था? दीपक ने जवाब देते हुए कहा कि 26 जनवरी का दिन था। हम सभी दोस्त मिलकर गणतंत्र दिवस मना रहे थे। हमारे एक दोस्त की दुकान है, हम अक्सर वहां जाकर बैठते हैं।



■ जिम ट्रेनर बोले- मैं सिर्फ इंसानियत के लिए लड़ा

उस दिन भी हम वहीं बैठे थे, तभी बगल वाली 'बाबा जी' की दुकान पर 7-8 लड़के आए। वे किसी संगठनसे जुड़े लग रहे थे। वे बाबा जी के साथ बदतमीजी करने लगे और दुकान का नाम बदलने का दबाव बनाने लगे।

---

### महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने वाले दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं पर नस्ली टिप्पणी करने के आरोपी दंपति को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दंपति को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समर विशाल के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने मालवीय नगर इलाके में पूर्वोत्तर की रहने वाली अपनी तीन पड़ोसियों पर नस्ली टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को रूबी जैन और उसके पति हर्ष को गिरफ्तार किया था। मालवीय नगर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के बाद दंपति को गिरफ्तार किया गया था। 20 फरवरी रूबी जैन ने अरुणाचल की 3 महिलाओं पर कथित तौर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

#### रिजिजू बोले- सख्त कार्रवाई करेंगे



नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह संपर्क में थे।

---

### एआई समिट में शामिल 3 प्रदर्शनकारियों को उठाया था

# हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को हिरासत में लिया

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पुलिस की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश से बड़ी खबर है। दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में प्रदर्शन करने वाले 3 युवा कांग्रेस वर्करों को शिमला जिले के रोहड़ू से हिरासत में लिया है। अब सोलन पुलिस ने सभी को रोक लिया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को हिरासत में लिया है। इस मामले में अब हिमाचल और दिल्ली पुलिस आमने सामने हो गए है। यूथ कांग्रेस के तीनों कार्यकर्ताओं को शिमला में जिला अदालत में लाया गया और एसीजेएम कोर्ट नंबर में 2 में पेश किया गया। इससे पहले, सोलन पुलिस ने धर्मपुर के पास सभी को रोक लिया था। एआई समिट में प्रदर्शन करने वालों में तीन यूथ कांग्रेस के वर्कर हिमाचल प्रदेश के रहने वाले नहीं है, लेकिन इन्होंने प्रदर्शन किया था और फिर शिमला के रोहड़ू में छिप गए थे।




#### समिट में हंगामा करने वाला हंसते हुए कोर्ट में पहुंचा

एआई समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के खिलाफ था। लगभग तीन लाख लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे. पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। इस घटना से कई लोगों को दुख और चिंता हुई। बुधवार को आरोपियों की पेशी थी। इस दौरान यूथ कांग्रेस का एक गिरफ्तार आरोपी हंसते हुए नजर आया। उसने अपने अन्य साथियों को हाथ हिला कर हैलो भी किया।

---

### *पंजाब में पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल तीन में एक पकड़ा, एक ढेर*

***चंडीगढ़(भाषा)।*** *पंजाब के गुरदासपुर में दो पुलिसकर्मियों की हत्या में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों में से एक को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया, जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तीसरा आरोपी अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, इन तीनों ने खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान स्थित अपने आका के निर्देश पर वारदात को अंजाम दिया। पंजाब पुलिस ने तीनों आरोपियों की पहचान अदियान गांव निवासी रंजीत सिंह (19), इंदरजीत सिंह (21) और अलीनंगल गांव के दिलावर सिंह (19) के रूप में की है। रविवार को अदियान गांव में जांच चौकी के अंदर सहायक उप-निरीक्षक गुरनाम सिंह और होम गार्ड अशोक कुमार मृत पाए गए और उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। यह जांच चौकी अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित है।*

---

### जयपुर के गणेश मंदिर में 'फाग उत्सव' की धूम



#### 750-900 साल पुराना मोती डूंगरी

**जयपुर।** बुधवार को जयपुर के मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में 'फाग उत्सव' के दौरान प्रार्थना कर रहे श्रद्धालुओं पर पुजारी ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। मोती डूंगरी गणेश मंदिर का इतिहास 1761 ईस्वी से जुड़ा है। जब सेठ जय राम पालीवाल ने इसे बनवाया था। मान्यता है कि मेवाड़ के राजा माधव सिंह प्रथम, जो गणेश के भक्त थे, जब उदयपुर से मूर्ति ला रहे थे, तब बैलगाड़ी मोती डूंगरी की तलहटी में रुक गई, और वहीं मंदिर की स्थापना की गई। जहाँ आज भी लाल रंग की, दाईं सूंड वाली गणेश प्रतिमा है, जिसे करीब 750-900 साल पुराना माना जाता है।

---

### *पश्चिम बंगाल, झारखंड में तीन अदालतों को मिली बम की धमकी*

***कोलकाता (भाषा)।*** *पश्चिम बंगाल और झारखंड की कम से कम तीन निचली अदालतों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, हालांकि तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बम की धमकी मिलने के बाद लोगों को अदालत से निकाला गया और तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक की तलाशी में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के आसनसोल और सूरी की जिला अदालतों तथा झारखंड की धनबाद दीवानी अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले। मंगलवार को भी पश्चिम बंगाल की कम से कम छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जो अफवाह साबित हुई। पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "पुलिस टीमें और बम निरोधक दस्ते अदालत परिसर पहुंच गए हैं और तलाशी अभियान जारी है।*

---

### नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की बैठक

# 54,000 न्यूनतम वेतन और पुरानी पेंशन बहाली पर हो रहा मंथन

*8वां वेतन आयोग की राह देख रहे एक करोड़ सरकारी कर्मचारी- पेंशन धारी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनधारियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से 8 वें वेतन आयोग की राह देख रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है।

नई दिल्ली में नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य वेतन संरचना, भत्ते और पेंशन से जुड़े अहम मुद्दों पर एक साझा ज्ञापन तैयार करना है।




#### कर्मचारी 3.25 फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे

कर्मचारियों की बेसिक सैलरी तय करने में फिटमेंट फैक्टर की अहम भूमिका होती है। कर्मचारी लंबे समय से 3.25 फिटमेंट फैक्टर लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 54,000 रुपए तय करने का भी प्रस्ताव है।

#### तेज हुई वेतन आयोग की आधिकारिक कार्यवाही

नई दिल्ली के जनपथ स्थित चंद्रलोक बिल्डिंग में आयोग को हाल ही में कार्यालय उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे आयोग की औपचारिक कार्यवाही को गति मिलने का एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। इस वेतन आयोग की अध्यक्षता रंजना देसाई कर रही हैं। जेसीएम की ड्राफ्टिंग कमेटी करीब एक सप्ताह तक विभिन्न कर्मचारी संगठनों से सुझाव जुटाकर व्यापक विचार-विमर्श कर रही है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अहम मुद्दा छूट न जाए और करीब 1.2 करोड़ कर्मचारियों व पेंशनधारियों की ओर से आयोग के समक्ष एक मजबूत तथा संगठित प्रस्ताव रखा जा सके।

#### ये रहीं अन्य मांगें

- सालाना इंक्रीमेंट: केंद्रीय कर्मचारी महासंघ का सुझाव है कि इसे बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया जाए या फिर कर्मचारियों को साल में दो बार इंक्रीमेंट का वित्तीय लाभ दिया जाए।
- पुरानी पेंशन योजना की बहाली: पुरानी पेंशन योजना को वापस लागू करने की मांग इस ड्राफ्टिंग कमेटी की चर्चाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- -मेडिकल और लीव एन्कैशमेंट में भारी इजाफा: जिन क्षेत्रों में केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस को मौजूदा 1,000 से बढ़ाकर सीधे 20,000 रुपए प्रतिमाह करने का प्रस्ताव है।

---

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले- यह मामला चौंकाने वाला

# आईना-तौलिया के इंतजाम चाह रहे निदेशक पर होगी कार्रवाई, 7 दिन में जवाब पेश करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया।

निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। दरअसल दौरे की तैयारी में करीब 50 अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे जाने के निर्देश थे। निजी उपयोग की वस्तुओं तक की व्यवस्था के लिखित निर्देश थे।



इसके बाद से ही ये पत्र वायरल हो गया। सिंधिया ने साफ कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निदेशक को 7 दिन में जवाब देने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है और इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है। सरकार ने यह भी कहा कि संस्थागत अनुशासन और प्रोटोकॉल का पालन सर्वोपरि है।

#### *दौरे की तैयारी में क्या क्या लिखा गया था?*

*कार्यालय आदेश के अनुसार बंजल 25-26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे। 19 फरवरी को जारी प्रोटोकॉल नोटिस में लगभग 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य सौंपे गए। कार्यक्रम में स्वागत, संगम स्नान, नौका विहार और बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट तथा पातालपुरी मंदिर के दर्शन शामिल थे। किस अधिकारी की क्या भूमिका होगी, यह लिखित में दर्ज था।*

## चिंतन

# उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी दिखाएंगे कूटनीतिक संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इजरायल के दो दिनी दौरे पर पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब मध्य-पूर्व व पश्चिम एशिया में भारी उथल-पुथल है। अमेरिकी युद्धपोत ईरान को घेरे हुए हैं और ईरान भी शक्ति प्रदर्शन का कोई मौका छोड़ नहीं रहा है। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री की नौ साल में दूसरी इजरायल यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई है। देश में विपक्ष, खासकर कांग्रेस इस यात्रा को लेकर हमलावर है। 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से ही भारत ने इजरायल और अरब देशों के साथ अपने संबंधों को रिसेट किया है। अब भारत की नीति हर देश के साथ द्विपक्षीय हितों और साझेदारियों पर केंद्रित है। हमारे फिलस्तीन और ईरान के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं। भारत आतंकवाद से पीड़ित है और वह दुनिया में होने वाली ऐसी हर घटना के खिलाफ रहा है। भारत ने जहां इजरायल पर हमास के हमले का विरोध किया, वहीं वह गाजा में मानवीय सहायता को तेज करने का भी हिमायती रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री की यह यात्रा न तो किसी देश के खिलाफ है और न ही किसी के समर्थन में। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ ही साझा हितों को लेकर है। इस दो दिन की यात्रा में रक्षा और सुरक्षा, श्रम और व्यापार, एआई और प्रौद्योगिकी तथा आईएमईसी परियोजना के तहत कनेक्टिविटी एजेंडा में शीर्ष पर होंगे। इसके बावजूद मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच होने वाली बैठकों के परिणाम केवल द्विपक्षीय समझौतों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनके प्रतीकात्मक महत्व और पश्चिम एशिया क्षेत्र को दिए जाने वाले संदेश भी इसमें शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान अधिकांश निर्धारित कार्यक्रमों में दोनों नेता साथ दिखाई देंगे। नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव हवाई अड्डे पर मोदी का खुद स्वागत किया और उन्हें यरुशलम की यात्रा पर ले गए। गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता और प्रेस वक्तव्यों के अलावा, वे निजी रात्रिभोज, एक नवाचार कार्यक्रम, यद वाशेम होलोकॉस्ट स्मारक संग्रहालय का दौरा और संभवतः इजराइल में बसे प्रवासी समुदाय से मुलाकात करेंगे, जिसे वहां बसे भारतीय-यहूदी समुदाय के साथ संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मोदी ने इजरायली संसद को भी संबोधित किया। इस यात्रा में मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की धमकियों के बीच सावधानीपूर्वक कूटनीतिक संतुलन साधना होगा, खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़ा बढ़ रहा है और प्रमुख ठिकानों से कर्मियों की वापसी हो रही है। हालांकि गुरुवार को ईरान-अमेरिका वार्ता के चलते इस सप्ताह हमले की संभावना कम दिखती है, फिर भी यह याद रखना चाहिए कि जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले वार्ता जारी रहने के बावजूद हुए थे। ईरान में भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह से जुड़े सवालों पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को कहा था कि यदि ईरान पर बमबारी होती है तो प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, नई दिल्ली को उस कूटनीतिक छवि पर भी विचार करना होगा, जिसमें ईरान और इजराइल के बीच तनाव के दौरान मोदी व नेतन्याहू साथ खड़े दिखाई देंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण, प्रशासन और शांति स्थापना के लिए अमेरिका की "बोर्ड ऑफ पीस" योजना पर चर्चा चल रही है और भारत ने इसमें एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने का निर्णय लिया है।



प्रहार
कांतिलाल मांडोत

# आतंक के खिलाफ नई राष्ट्रीय ढाल

**'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।**

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई पहली राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी नीति 'प्रहार' भारत की आंतरिक सुरक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। आज़ादी के 78 वर्ष बाद एक समग्र, लिखित और स्पष्ट आतंकवाद विरोधी नीति का आना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय और पूर्व-निवारक दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लंबे समय से सुरक्षा विशेषज्ञ यह सवाल उठाते रहे थे कि जिस देश ने दशकों तक सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, अलगाववाद और वैश्विक आतंकी नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया है, उसके पास एक औपचारिक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति क्यों नहीं है।

अब 'प्रहार' के माध्यम से केंद्र ने इस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। इस नीति का मूल आधार 'जीरो टॉलरेंस' यानी आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या समुदाय से नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि इसे केवल राष्ट्र-विरोधी हिंसक कृत्य के रूप में देखा जाएगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद की चुनौती केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता से भी जुड़ी हुई है। जब नीति यह स्पष्ट करती है कि आतंकवाद किसी विशेष पहचान से संबद्ध नहीं है तो वह कट्टरपंथ की जड़ों को कमजोर करने की दिशा में भी काम करती है। 'प्रहार' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हमले के बाद की कार्रवाई से अधिक हमले से पहले रोकथाम पर केंद्रित है। यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक सुरक्षा मॉडल अक्सर किसी हमले के बाद जांच, गिरफ्तारी और दंड पर केंद्रित होते थे, लेकिन नई नीति में खुफिया तंत्र को सुदृढ़ कर संभावित हमलों को पहले ही विफल करने पर जोर दिया गया है। मल्टी एजेंसी सेंटर के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने का प्रयास इसी सोच का हिस्सा है। यदि विभिन्न एजेंसियों के पास मौजूद सूचनाएं समय रहते साझा हों और उन पर त्वरित कार्रवाई हो, तो कई बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। नीति में अल-कायदा और आइएसआइएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों से खतरे का उल्लेख यह दर्शाता है कि भारत अपनी सुरक्षा को केवल घरेलू संदर्भ में नहीं देख रहा, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आकलन कर रहा है। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठन डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलने की रणनीति अपनाते रहे हैं। ऐसे में नीति का डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन, डार्क वेब और क्रिप्टो करेंसी के दुरुपयोग पर ध्यान देना समय की मांग है। आज आतंकवाद केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं है; यह साइबर हमलों, ड्रोन तकनीक, फेक न्यूज और ऑनलाइन भर्ती के रूप में भी सामने आ रहा है। ड्रोन हमलों और साइबर अटैक जैसी नई चुनौतियों का उल्लेख इस नीति को आधुनिक बनाता है। सीमाओं पर ड्रोन के माध्यम से हथियार और मादक पदार्थ गिराने की घटनाएं पिछले वर्षों में सामने आई हैं। साइबर हमलों के जरिए महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को निशाना बनाया जा सकता है। रासायनिक, जैविक या परमाणु हमलों की आशंका भले ही कम हो, लेकिन उनका



प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। इसलिए नीति में इन सभी संभावित खतरों के प्रति तैयारी और सतर्कता पर जोर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि 'प्रहार' केवल वर्तमान खतरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखती है। आतंकी संगठनों और संगठित अपराध गिरोहों के गठजोड़ पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कई बार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन की व्यवस्था हवाला, मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से की जाती है। यदि इन फंडिंग चैनलों को तोड़ा जाए और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क को खत्म किया जाए तो आतंकवाद की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। नीति में इस दिशा में कठोर कदम उठाने की बात कही गई है। इससे आतंकवाद के आर्थिक स्रोतों पर चोट पहुंचेगी। भारत जैसे संघीय ढांचे वाले देश में कानून-व्यवस्था मुख्यतः राज्य का विषय है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा में केंद्र की भूमिका प्रमुख होती है। यदि दोनों स्तरों पर समन्वय में कमी हो, तो सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। 'प्रहार' में राज्यों की एटीएस और आतंकवाद रोधी इकाइयों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण और तकनीकी संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। इससे पूरे देश में एक समान और मजबूत आतंकवाद रोधी ढांचा तैयार किया जा सकेगा। नीति में मानवाधिकारों और कानून के शासन को बनाए रखने की बात भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद से लड़ाई में कठोरता आवश्यक है, लेकिन कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया और अपील का अधिकार देना लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। इससे सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कायम रहता है। यह संदेश भी जाता है कि भारत आतंकवाद से लड़ते हुए भी अपने संवैधानिक सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

कट्टरपंथ को रोकने के लिए युवाओं की समय रहते पहचान और परामर्श की व्यवस्था, जेलों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकने के उपाय तथा शिक्षा और रोजगार के माध्यम से सामाजिक कमजोरियों को दूर करने की सोच नीति को केवल सुरक्षा दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार का माध्यम भी बनाती है। यदि युवा कट्टरपंथ की ओर आकर्षित ही न हों तो आतंकवादी संगठनों की भर्ती प्रक्रिया कमजोर पड़ जाएगी। इस दृष्टि से 'प्रहार' सामाजिक भागीदारी और पुनर्वास पर भी जोर देती है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बात इस नीति को वैश्विक आयाम देती है। अन्य देशों के साथ सूचना साझा करना, प्रत्यर्पण समझौते और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर आतंकियों को नामित कराने के प्रयास भारत की कूटनीतिक सक्रियता को दर्शाते हैं। आतंकवाद आज सीमा-रहित चुनौती बन चुका है, इसलिए उसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है। 2004-14 की तुलना में 2014-25 के बीच घटनाओं और हताहतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यह प्रवृत्ति बताती है कि सुरक्षा तंत्र ने कुछ हद तक प्रभावी काम किया है। कुल मिलाकर, 'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ, और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# प्रखर राष्ट्रभक्त क्रांतिवीर थे विनायक दामोदर सावरकर

विनायक दामोदर सावरकर एक प्रमुख भारतीय क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक, कवि, वकील तथा प्रखर राष्ट्रभक्त नेता थे। इनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भागपुर गांव में मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। सावरकर बाल्यकाल से ही उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी थे। स्कूली शिक्षा के दौरान ही उनका साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण हो गया था। दस वर्ष की आयु में ही उनकी कविताएं प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होने लगी थी। ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता के उद्देश्य से सावरकर ने वर्ष 1899 में मात्र 16 वर्ष की आयु में मित्र मेला नामक संगठन का गठन किया। बाद में संगठन का नाम बदलकर अभिनव भारत रख दिया गया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सावरकर लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र जैसे कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं से प्रेरित थे।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में दाखिला लिया और कला स्नातक की डिग्री हासिल की इसके बाद वह कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड गए। इंग्लैंड जाकर भी इस राष्ट्रभक्त



ने भारतीय छात्रों को स्वाधीनता हेतु प्रेरित किया और 1906 में फ्री इंडिया सोसाइटी की स्थापना की, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार को उखाड़ना था। वर्ष 1909 में वीर सावरकर को मिंटो मार्ले रिफार्म के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने के आरोप में वारंट जारी किया गया। वर्ष 1910 में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस के साथ संबंधों के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा 50 वर्ष की जेल की कठोर सजा सुनाई गई। 4 जुलाई 1911 को सावरकर को अंडमान निकोबार द्वीप सेल्यूलर जेल ले जाया गया। 27 वर्ष की आयु में सावरकर को दो बार काले पानी की सजा सुनाई गई थी। अंग्रेज सावरकर को दिनभर कोल्हू में बैल की जगह हांकते, तेल पिसवाते, रस्सी बंटवाते। इन समस्त यातनाओं को सहते हुए भी सावरकर जेल में कैदियों के भीतर राष्ट्र भक्ति की भावनाएं सुदृढ़ करते रहे। जेल की दीवारों पर इन्होंने कील और पत्थरों से 6000 राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत कविताएं लिख दी थी। भीषण अमानवीय यातनाओं के दौर को झेलते हुए वे जेल में बंद कैदियों को समझाते थे कि - 'धीरज रखो, एक दिन आएगा, जब यह जगह तीर्थ स्थल बन जाएगी। आज भले ही हमारा पूरे विश्व में मजाक बन रहा हो, एक समय ऐसा होगा, जब लोग कहेंगे कि देखो, इन्हीं काल कोठरियों में हिंदुस्तानी कैदी बंद थे। उन्हीं कैदियों की यहां प्रतिमाएं होंगी'। ये कलम और दिमाग दोनों से अंग्रेजों से लड़ने वाले क्रांतिकारी थे। सावरकर पहले इतिहासकार थे, जिन्होंने 1857 की लड़ाई को प्रथम स्वाधीनता संग्राम कहा था। सावरकर ने ही यह साबित किया था कि यह सैनिक विद्रोह नहीं प्रथम स्वाधीनता संग्राम था। उसने सभी अमर बलिदानियों की गाथा जन-जन तक पहुंचाई। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने भी सावरकर द्वारा रचित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 पुस्तक से प्रेरणा प्राप्त की। दुनिया में ऐसी कौन सी पुस्तक है जिसे प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित किया गया हो। अंग्रेज सावरकर की इस पुस्तक से इतने भयभीत थे कि उन्होंने हर एक प्रयास किया, ताकि यह पुस्तक भारत तक न पहुंच सके। और जब सावरकर की यह पुस्तक क्रांतिकारियों में पहुंची तो क्रांति की ज्वाला में घी की आहुति पड़ गई। वर्ष 1924 में जेल से रिहा होने के बाद सावरकर समाज सुधार कार्य में लग गए। यह हिंदुत्व के प्रखर चिंतक थे। सावरकर जातिवाद के घोर विरोधी थे। रत्नागिरी में इन्होंने पतित पावन मंदिर की स्थापना की और छुआछूत मिटाने का कार्य किया। इनका संपूर्ण जीवन भारतीय स्वाधीनता एवं हिंदुत्व को समर्पित रहा। सावरकर ने 1937 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष बनकर हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया था। सावरकर को ओजस्वी वक्ता के रूप में भी जाना जाता है, अपने समर्थकों पर उनकी अमिट छाप थी। सावरकर ने दृढ़ता पूर्वक यह कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और जो एक रक्त में बंधे हैं।

इनका चिंतन था कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के आदर्श प्रत्येक भारतवासी के लिए वंदनीय हैं। सावरकर ने अपनी युवावस्था भारतीय स्वाधीनता हेतु सेलुलर जेल की काल कोठरी में कठोर अमानवीय यातनाएं सहकर मृत्यु पर्यंत भारतीय हिंदू संस्कृति के उद्धार हेतु कार्य किया। 26 फरवरी 1966 को मुंबई में इस महान देशभक्त ने अंतिम श्वास ली। निडर स्वतंत्रता सेनानी एवं हिंदुत्व के सूत्रधार सावरकर का संपूर्ण जीवन मातृभूमि को समर्पित रहा।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
**दर्शन**

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

# जीवन में ईश्वर की दया ही है सब



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आखिर क्यों नहीं रुक रहे हवाई हादसे

हाल ही में रांची से दिल्ली एयर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद समाचार ने हमें एक बार फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर क्यों नहीं रुक रहे एयरप्लेन हादसे। इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीस मार खां समझता हो, लेकिन विज्ञान के क्षेत्र में इनसान अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो इस अभागे विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता लगाया जा सकता था या फिर इस विमान में अचानक खराबी कैसे आ गई? विमान बनाने वाली कंपनियां ऐसी तकनीक क्यों तैयार नहीं कर पाई है कि अगर कोई तकनीकी खराबी आती है तो मानव जिंदगियों को बचाया जा सके।

- **संजय सचदेव**, धमतरी

## ट्रेंड

### भारत माता का अपमान



मैं आपको पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि कृषि समझौते भारत के किसानों के हित में हैं। कुछ लोग गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एआई कॉन्फ्रेंस में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कपड़े उतारे। ये भारत माता का अपमान है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### कांग्रेस की कार्यशैली



सत्ता की लालसा में राष्ट्रहित से समझौता करना कांग्रेस की पीढ़ीगत कार्यशैली रही है। आज भी इनके नेता देश और विदेशी धरती पर जाकर भारत की साख को धूमिल करने तथा दुश्मन देशों से मदद की गुहार लगाने में संकोच नहीं करते।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### सच्चाई जनता को बताएं



निवेश के नए आंकड़े देने से पहले पुराने समझौतों की सच्चाई जनता को बताइए। यूपी की भाजपा सरकार ने दिखाए तो करोड़ों के एमओयू लेकिन ज़मीन पर इनके बनाये हवाई अड्डों की तरह कुछ भी नहीं उतरा।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### तकनीकी इस्तेमाल



अगर चीन रोबोट का इस्तेमाल कचरा इकट्ठा करने, सीवर साफ करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को नियंत्रित करने के लिए कर सकता है, तो हम क्यों नहीं? आइए, तकनीकी विशेषज्ञों, इस चुनौती को स्वीकार करें - कचरे को धन में बदलें और एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएं।

**- किरण मजूमदार, उद्यमी**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल के खिलाफ जांच शुरू

टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल डुरोव ने मंगलवार को दावा किया कि रूस की सरकार ने उनके खिलाफ /"आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने/" के आरोप में आपराधिक जांच शुरू की है। रूस में जन्मे और इसी देश में अपना कॅरियर शुरू करने वाले डुरोव ने मॉस्को पर आरोप लगाया कि वह टेलीग्राम तक रूसी नागरिकों की पहुंच सीमित करने के लिए मनगढ़ंत बहाने बना रहा है।




रूसी मीडिया में इससे पहले अपुष्ट खबरें आई थीं कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने डुरोव के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम उस बयान के दो सप्ताह बाद सामने आया है जब रूस के संचार नियामक रोसकॉमनादजोर ने टेलीग्राम पर प्रतिबंधात्मक कदम उठाने की घोषणा की थी और इस ऐप पर रूसी कानूनों का पालन न करने का आरोप लगाया था। टेलीग्राम पर कार्रवाई के फैसले से देश में असामान्य सार्वजनिक विरोध देखने को मिला। यहां तक कि क्रेमलिन समर्थित कई सैन्य ब्लॉग लेखकों ने भी इसकी आलोचना की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के बीच टेलीग्राम व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है, ऐसे में इसकी सेवाओं में बाधा सैन्य संचार को प्रभावित कर सकती है। इसके बावजूद रूसी अधिकारी टेलीग्राम को सुरक्षा के लिए जोखिम बताते आ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# पढ़े-लिखे व विज्ञान समर्थकों का भी अंधविश्वास पर भरोसा

बचपन में हममें से कई लोगों को बताया जाता है कि बाल गीले होने पर बाहर निकलने से सर्दी लग जाती है। बड़े होने पर भी हम बाहर जाने से पहले बाल अच्छी तरह सुखाने में अतिरिक्त समय लगा देते हैं। अंग्रेजी भाषी देशों में कई ऊंची इमारतों में 13वीं मंजिल को अंकित नहीं किया जाता, जबकि पूर्वी एशिया में अक्सर चौथी मंजिल को छोड़ दिया जाता है। यदि जिस खिलाड़ी का मैं समर्थन करता हूं और वह लगातार जीत रहा हो तथा कोई कमेंटेटर उसका जिक्र कर दे, तो मुझे लगता है कि अब अपशगुन हो जाएगा और उसकी जीत का सिलसिला टूट जाएगा। ये सब अंधविश्वास और पारंपरिक मान्यताएं हैं। विज्ञान के प्रति जागरूक समाज होने के बावजूद ये मान्यताएं कायम रहती हैं। सवाल यह है कि ऐसा क्यों होता है और क्या इसमें कोई नुकसान है? ऐसी कई मान्यताओं की जड़ें पुराने चिकित्सा और सांस्कृतिक विश्वासों में हैं। प्राचीन यूनानी और चीनी चिकित्सा में स्वास्थ्य को शरीर और पर्यावरण के संतुलन से जोड़ा जाता था। तापमान को बीमारी का कारण माना जाता था। आज विज्ञान स्पष्ट करता है कि सर्दी-जुकाम का मुख्य कारण वायरस है। हालांकि कुछ शोध बताते हैं कि ठंड में शरीर वायरस के प्रति थोड़ा अधिक संवेदनशील हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि गीले बाल ही बीमारी का कारण बनते हैं।



# आज जिम्बाब्वे से आर-पार की जंग, भारत के टॉप ऑर्डर को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

शीर्षक्रम की नाकामी और पिछली हार के बाद भारी दबाव से जूझ रही गत चैंपियन भारतीय टीम को 'जाइंट किलर' जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के 'करो या मरो' के मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है, जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा।

### अभिषेक ने खोई लय

विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है। सपाट पिचों पर आफ स्पिनरों के सामने वह अपने पसंदीदा शॉट नहीं खेल पा रहे हैं, जिसका भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे।

**जाइंट किलर और डिफेंडिंग चैंपियन के बीच कांटे का मुकाबला शाम 7 बजे से**

**दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारत का नेट रनरेट खराब**



### तिलक को करना होगा प्रदर्शन में सुधार

तिलक वर्मा को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। अभिषेक के खराब फॉर्म के कारण तिलक को ईशान का बखूबी साथ देना चाहिए था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईशान 193 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पा रहा। सूर्यकुमार यादव ने 180 रन बनाए हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 127 रहा है, जो उनके टी20 कैरियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है, जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है।शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या निचले क्रम पर आक्रामक पारियां नहीं खेलते तो कुछ मैचों में तो भारत का स्कोर सम्मानजनक भी नहीं रहता। बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग किया है।

### शीर्ष तीन में सैमसन को शामिल करने की संभावना

शीर्ष तीन में दाहिने हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना है हालांकि वह खुद बहुत अच्छे फॉर्म में नहीं हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है । वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है, जिसका अभी तक भारत ने सामना किया है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

### टीमें इस प्रकार

भारत : सुयकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

जिम्बाब्वे : सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

मैच का समय : शाम 7 बजे से।

---

## खबर संक्षेप



### अहमदाबाद की पिच हर बार अलग होती है : महाराज

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के अपने अधिकतर मैच नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेलने को मिल रहे हैं लेकिन उसके बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि इससे उनकी टीम को खास फायदा नहीं मिल रहा है क्योंकि हर बार परिस्थितियां अलग होती हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार को सुपर आठ के मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उसने भारत के खिलाफ सुपर आठ का मैच भी इसी मैदान पर खेला था। ग्रुप चरण में उसने यहां तीन मैच खेले थे। महाराज ने कहा, 'यात्रा नहीं करना अच्छा है लेकिन पिच के लिहाज़ से हर मैच बहुत अलग रहा है।

### भारत को रणनीति पर विचार करना होगाः शास्त्री

**चेन्नई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। शास्त्री ने कहा,' आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है। लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।'

### ब्रूक ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली : अफरीदी

**पाल्लेकल।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शानदार शतक लगाकर इंग्लैंड को



टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में ले जाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। अफरीदी ने कहा,' मुझे लगता है कि यह उसके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी। उसने खालिस क्रिकेट शॉट्स खेले। विकेट आसान नहीं था।' उन्होंने कहा,' उनके सारे बल्लेबाज जूझ रहे थे लेकिन उसने बेहतरीन पारी खेली।' मैच के दौरान अफरीदी ने ब्रूक से हाथ मिलाकर उनकी पारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा,' वह इसका हकदार था। यह विश्व स्तरीय पारी थी। हैरी और मैं पीएसएल में साथ खेले हैं और हमारी अच्छी दोस्ती है। उसने लाहौर कलंदर्स के लिए खेला था।'

### 47 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय जज कोर्स में लिया भाग

**नई दिल्ली।** कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए



राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया।

---

### टी-20 वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 168 रन बनाए, श्रीलंका 107 रन पर आउट

# रविंद्र चमके, न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रन से हराकर सेमीफाइनल के करीब कदम बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

रचिन रविंद्र (27 रन देकर चार विकेट) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में श्रीलंका को 61 रन से शिकस्त दी जिससे सह मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैककांकी (नाबाद 31 रन) के बीच सातवें विकेट के लिए 47 गेंद में 84 रन की साझेदारी से टीम ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 168 रन बनाए। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को अंतिम चार ओवर में 70 रन बनाने दिए। सुपर आठ के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाली टीम को फिर बल्लेबाजों ने निराश किया। श्रीलंकाई टीम रविंद्र के करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 107 रन ही बना सकी। रविंद्र ने बल्लेबाजी में 32 रन का योगदान भी किया।



### तीक्षणा और चामीरा ने मिलकर छह विकेट लिए

इससे पहले श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा के तीन झटकों ने न्यूजीलैंड को पटरी से उतारने की कोशिश की। न्यूजीलैंड ने 9.3 और 12.1 ओवर के बीच में नौ रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसमें तीक्षणा (30 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में मैच का रूख पलट दिया। लेकिन मैककांकी ने अपने चयन को सही साबित करते हुए अंत में मोर्चा संभाला जबकि सैंटनर ने महत्वपूर्ण समय पर सात विकेट के लिए महज 47 गेंद में 84 रन की अहम साझेदारी की। सैंटनर ने 26 गेंद की पारी के दौरान चार छक्के और दो चौके लगाए। वह आखिरी गेंद पर आउट हुए जबकि मैककांकी ने 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के जमाए। न्यूजीलैंड का स्कोर 16 ओवर के बाद छह विकेट पर 98 रन था। तब मैककांकी ने दुष्मंता चामीरा (38 रन देकर तीन विकेट) पर दो छक्के और एक चौका जड़कर 18 रन बटोरे। इसके बाद सैंटनर ने श्रीलंका के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तीक्षणा पर 18वें ओवर में एक चौका और दो छक्के मारे जिससे 21 रन बने। इन दोनों की बदौलत न्यूजीलैंड की टीम ने अंतिम चार ओवरों में 70 रन जुटाए। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की।

### जीत के साथ दो अहम अंक पक्के किए

न्यूजीलैंड के लिए जहां स्पिन की जिम्मेदारी रविंद्र ने संभाली तो वहीं तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पावरप्ले में दो ओवर में एक मेडन से तीन रन देकर दो विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड के लिए इस बड़े अंतर की जीत ने दो अहम अंक तो पक्के किए ही और उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के करीब भी पहुंचा दिया। अब पाकिस्तान को क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अपने आखिरी मैच में बड़ी जीत की जरूरत है। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला शुक्रवार को यहां सुपर आठ के अपने आखिरी मैच में इंग्लैंड से होगा जबकि पाकिस्तान की टीम शनिवार को पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड ने हेनरी की मदद से पावरप्ले में श्रीलंका को पस्त किया। इस तेज गेंदबाज ने पहले ओवर की पहली ही गेंद फॉर्म में चल रहे पाथुम निसांका को आउट कर दिया। फिर अपने अगले ओवर की पहली गेंद पर हेनरी ने चरिथ असलांका (05) को पवेलियन लौटाया। श्रीलंका की टीम इन झटकों से पूरी तरह बिखर गई। रविंद्र ने अपने पहले ओवर में कुसल मेंडिस को विकेटकीपर के हाथों स्टंप आउट कराया। दो गेंद बाद पवन रत्नायके ने भी स्टंप आउट हो गए।

---

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

# एक शतक, 5 फिफ्टी, जम्मू कश्मीर का स्कोर 527 रन



एजेंसी ▶▶| हुबली

रणजी 2025-26 सीजन का फाइनल मुकाबला जम्मू एंड कश्मीर और कर्नाटक के बीच खेला जा रहा है। कर्नाटक के हुबली मैदान पर जारी इस मुकाबले में जम्मू एंड कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्नाटक के गेंदबाजों को जमकर दबाव में डाला। जम्मू एंड कश्मीर के लिए शुभम पुंडीर का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने 121 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा पांच अन्य बल्लेबाजों ने भी फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया, जिससे टीम ने दूसरे दिन के अंत तक छह विकेट पर 527 रन बनाकर कर्नाटक पर विशाल बढ़त हासिल कर ली।

### पांच बल्लेबाजों ने बनाया फिफ्टी प्लस स्कोर

कर्नाटक के हुबली मैदान पर खेले जाने वाले फाइनल में जम्मू एंड कश्मीर की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। इसके सलामी बल्लेबाज यावेर हसन ने 150 गेंदों में 13 चौके से 88 रन की पारी खेली। शुभम पुंडीर ने 247 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के से 121 रन बनाकर अपनी टीम को विशाल स्कोर की तरफ धकेला। इन दोनों के अलावा कप्तान पारस डोगरा ने 166 गेंद में आठ चौके से 70 रन, अब्दुल समद ने 104 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 61 रन, कनहैया वाधवन ने 109 गेंद में 70 रन बनाए। पहले दिन कर्नाटक के सामने जम्मू कश्मीर ने खेलते हुए दो विकेट पर 284 रन बनाए। इसके बाद दूसरे दिन भी बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे अंत तक साहिल लोतरा 57 रन बनाकर तो आबिद मुश्ताक 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह एक शतक और पांच फिफ्टी प्लस स्कोर से जम्मू एंड कश्मीर ने 6 विकेट पर 527 रन का विशाल स्कोर बना लिया। अब कर्नाटक को वापसी करनी है तो उसे बल्लेबाजी में पहली पारी में जम्मू एंड कश्मीर से अधिक रन बनाने होंगे। अन्यथा पहली पारी के आधार पर जम्मू एंड कश्मीर पहली बार रणजी चैंपियन बन जाएगी।

---

### चैंपियंस लीग

# इंटर मिलान को हरा कर बोडो/ग्लिम्ट की पहली बार अंतिम-16 में एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने इतिहास रच दिया है। टीम पहली बार चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है। बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 5-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया।

तीन बार के यूरोपियन चैंपियन के खिलाफ नॉर्वे की टीम की यह जीत बेहद शानदार रही। मेहमान टीम को शुरुआती घंटे में ज्यादातर समय नेराजुरी के लगातार दबाव का सामना करना पड़ा, लेकिन पूर्व एसी मिलान अटैकर जेंस पीटर हॉग ने अहम गोल दागकर अपनी टीम की राह आसान की। उनके करीबी फिनिश और हैकन एनजन के शानदार गोल से बोडो/ग्लिम्ट ने मजबूत बढ़त बना ली।

इंटर ने अंत में वापसी की कोशिश की। मैनुअल अकांजी ने फेडेरिको डिमार्को के कटबैक पर गोल किया, जबकि एलेसेंड्रो बास्टोनी ने भी स्कोर किया, लेकिन यह जीत छीनने के लिए पर्याप्त नहीं था।कोच केजेटिल नुटसेन की टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

### न्यूकैसल यूनाइटेड ने कराबाग एफके को दी मात

दूसरे मुकाबले में न्यूकैसल यूनाइटेड ने कराबाग एफके को 3-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। पहले लेग में 6-1 की बढ़त लेने के बाद न्यूकैसल ने कुल 9-3 से मुकाबला अपने नाम किया। यह मुकाबला चैंपियंस लीग इतिहास के सर्वाधिक गोलों वाले मुकाबलों में से एक था। शुरुआती मिनटों में सैंड्रो टोनाली और जोएलिंटन ने गोल कर बढ़त मजबूत की। दूसरे हाफ में स्वेन बॉटमैन ने भी योगदान दिया। वहीं, कराबाग की ओर से एल्विन जाफरगुलियेव ने गोल किया, जबकि गोलकीपर आरोन राम्सडेल ने पेनल्टी बचाकर टीम को राहत दी। मैच के बाद न्यूकैसल के मैनेजर एडी होवे ने कहा, इस स्तर पर कोई भी ड्रॉ आसान नहीं होता। हमने खासकर अवे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और टीम ने दबाव को बखूबी संभाला।

---

# सीनियर राष्ट्रीय पुरुष कबड्डी में हरियाणा जीता

*वडोदरा (भाषा)। हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश और तमिलनाडु ने बुधवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप के दूसरे दिन बड़ी जीत दर्ज की। पूल ए में हरियाणा ने तेलंगाना को 49-18 से हराया और आंध्र प्रदेश ने तेलंगाना को 47-45 से हराया। पूल बी में मध्य प्रदेश ने गोवा पर 35-34 से करीबी जीत हासिल की। पूल सी में तमिलनाडु ने विदर्भ के खिलाफ 40-21 से जीत दर्ज की। पूल डी में उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 70-33 से जीत हासिल की। पूल एफ में केरल ने छत्तीसगढ़ पर 45-30 से जीत हासिल की। पूल एच में दिल्ली ने त्रिपुरा पर 64-42 से शानदार जीत दर्ज की।*

- पूल ए में हरियाणा ने तेलंगाना को 49-18 से हराया और आंध्र प्रदेश ने तेलंगाना को 47-45 से हराया।
- पूल बी में मध्य प्रदेश ने गोवा पर 35-34 से करीबी जीत हासिल की।
- पूल सी में तमिलनाडु ने विदर्भ के खिलाफ 40-21 से जीत दर्ज की।

---

### एफआईएच प्रो लीग : टूटा भारत की हार का सिलसिला

# पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।



### भारत ने हासिल किए दो अंक

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई।

### पहले 3 क्वार्टर में कांटे की टक्कर

पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

---

### रुसी ग्रैंडमास्टर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर नहीं

# चीटिंग पर हंगामा बेवजह, शतरंज उतना प्रभावित नहीं

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश आनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं।

पूर्व विश्व चैंपियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिए उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी, जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी।



### अनुचित खेल के खिलाफ

गुकेश ने कहा ,' मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं । यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा,' मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिए।'इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्कादी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी क्योंकि वह अपने आरोपों के पक्ष में सबूत नहीं दे सके थे।

### मैं क्रामनिक के साथ नहीं

गुकेश ने कहा,' क्रामनिक जो कर रहे हैं, मैं उसके साथ नहीं हूं। पिछले कुछ साल में बेईमानी को लेकर बहुत लोग अतिरंजित प्रतिक्रिया देते आए हैं। इस बीच सुपर टूर्नामेंट के पहले दौर में गुकेश का सामना अमेरिका के हैंस मोक नीमैन से होगा। भारत के अराविंद चिदंबरम की टक्कर उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी ।




## बम धमाकों में श्रीलंका के पूर्व खुफिया प्रमुख अरेस्ट



**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सैली को पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे। उनकी गिरफ्तारी 2019 के ईस्टर संडे धमाकों से जुड़ी है। साल 2019 में ईस्टर पर कोलंबो के गिरजाघरों और पांच सितारा होटलों में हुए हमलों में 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हुई थी।

## ब्राजील में भयावह बाढ़ से 40 लोगों की मौत



**जुइज डी फोरा।** दक्षिण-पूर्व ब्राजील में आई भयंकर बाढ़ में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है और मिनास गेरैस राज्य में दर्जनों लोग लापता हैं। रियो डी जेनेरियो से लगभग 310 किलोमीटर उत्तर में जुइज डी फोरा और उबा शहरों में सोमवार को मूसलाधार बारिश शुरू हुई, जिससे लगभग 440 लोगों को अपने घर छोड़कर दूसरी जगहों पर जाना पड़ा। अधिकारियों ने लोगों को उन इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है जहां भूस्खलन का खतरा हो सकता है। इस इलाके में और बारिश होने की आशंका है।

### इजरायल में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, नेतन्याहू ने लगाया गले, गार्ड ऑफ ऑनर दिया

# मोदी और नेतन्याहू के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में आपसी सहयोग व क्षेत्र में जारी मुद्दों पर गहन मंथन

*आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श*

*पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा है। पूर्व में 2017 में उन्होंने पहली बार इजरायल का दौरा किया था। पीएम के इजरायल पहुंचने पर भारतीयों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। जिसमें खासकर छात्र काफी उत्साहित नजर आए। शानदार स्वागत से गदगद हुए पीएम मोदी, इजरायली प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान-अमेरिका युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के मध्य अपने दो दिवसीय राजकीय दौरे के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे। जहां बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रेड कार्पेट वेलकम के साथ उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया। इजरायली सैन्य बलों की मौजूदगी में पीएम की अगवानी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी धर्मपत्नी सारा नेतन्याहू के साथ की। हवाई अड्डे पर दोनों शीर्ष नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया, फिर बेहद आत्मीयता के साथ एक-दूसरे को मुस्कुराते हुए गले लगाकर अभिवादन किया। यह प्रधानमंत्री की दूसरी इजरायल यात्रा है। पूर्व में 2017 में उन्होंने पहली बार इजरायल का दौरा किया था। पीएम के इजरायल पहुंचने पर भारतीयों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच एक अहम द्विपक्षीय बैठक भी हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों के अलावा क्षेत्र में जारी महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। इजरायल के पीएम नेतन्याहू के साथ बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से कई विषयों पर चर्चा की गई है।

## इजरायल के सर्वोच्च समान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से नवाजा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक संबंधों को सुदृढ़ करने में उनके असाधारण योगदान के लिए 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया। भारतीय प्रधानमंत्री यह पदक पाने वाले पहले नेता हैं, जो इजराइली संसद 'नेसेट' का सर्वोच्च सम्मान है। नेसेट स्पीकर अमीर ओहाना ने इजरायली संसद में अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री को यह पदक प्रदान किया। यह पदक भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री के असाधारण योगदान के वास्ते प्रदान किया गया है। मोदी ऐसे वैश्विक नेता हैं, जिन्हें इजरायल और फिलिस्तीन दोनों से शीर्ष पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को 2018 में ''ग्रैंड कॉलर आफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' से सम्मानित किया गया, जो विदेशी नेताओं के लिए सर्वोच्च फिलिस्तीनी सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी की पिछले नौ साल में यह दूसरी इजरायल यात्रा है।

## नेतन्याहू ने मोदी को एशिया का शेर कहा



नेतन्याहू ने कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है।' उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया। भारत एक ऐसी सभ्यता है, जहां यहूदियों को कभी सताया नहीं गया। भारत का धन्यवाद, वहां यहूदी समुदाय का हमेशा स्वागत और सम्मान किया गया। दोनों देशों के संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि दिल से जुड़े हुए हैं। भारत और इजराइल का गठबंधन दोनों देशों की ताकत को कई गुना बढ़ा देता है। मोदी हग' दुनिया भर में मशहूर है और यह औपचारिकता नहीं, बल्कि सच्चे रिश्ते की निशानी है।

### पीएम के दौरे का एजेंडा

## भारत को मिलेगा आयरन बीम, ब्रह्मोस से तेज मिसाइल, ट्रेड डील पर होगी चर्चा

- *रक्षा और सुरक्षा: पीएम मोदी के इजराइल दौरे के सबसे अहम बिंदु रक्षा और सुरक्षा पर होने वाले समझौते होंगे। भारत इस क्षेत्र में हथियार खरीद से लेकर उन्नत तकनीक हासिल करने पर जोर दे सकता है। इस दौरे पर 2026 के लिए 8.6 अरब डॉलर के हथियार सौदों को मंजूरी मिल सकती है, जिसमें अत्याधुनिक लेजर-आधारित आयरन बीम शामिल है। साथ ही गोल्डन होराइजन एयर-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल पर भी चर्चा हो सकती है। संयुक्त परियोजनाएं: एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली, निर्देशित-ऊर्जा लेजर हथियारों, लंबी दूरी की मिसाइलों और नेक्स्ट-जेनरेशन ड्रोन के संयुक्त विकास पर विचार-विमर्श होने की संभावना है।*
- *प्रौद्योगिकी और नवाचार: दोनों नेताओं के बीच एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर अहम चर्चा होगी। इजराइली सरकार ने भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए चार करोड़ डॉलर की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत भारत में 10 नए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा टेलीमेडिसिन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी संयुक्त कार्यक्रम शुरू होंगे।*
- *व्यापार और अर्थव्यवस्था: मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए): दोनों देश वर्तमान में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं और इस वर्ष इसके पूरा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी और उनके इजराइली समकक्ष इसकी आधारभूत शर्तें तय करेंगे।*
- *निवेश और बुनियादी ढांचा: इजराइल भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को अपने देश में निर्माण और निवेश करने के लिए न्योता दे रहा है। पिछले साल सितंबर में दोनों देशों ने निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक नई द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी हस्ताक्षर किए थे।*
- *आर्थिक गलियारा: भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को आगे बढ़ाने को लेकर भी मोदी-नेतन्याहू के बीच चर्चा होने की संभावना है। इसमें इजराइल भी एक अहम हिस्सेदार है।*

### आरबीआई का बैंकों को आदेश

# अब कोई हिडन चार्ज नहीं लगेगा बैंकों को हटाने होंगे 'डार्क पैटर्न'

**जुलाई तक एप से हटा लें फंसाने वाली ट्रिक्स**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आपके साथ भी ऐसा होता होगा कि आप अपने बैंक का एप खोलते हैं और उसमें अतिरिक्त सेवाओं को खरीदने के लिए बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन आने लगते हैं. इनमें से कई मिडलीडिंग भी होते हैं। या फिर चेकआउट के समय आपको हिडन शुल्क दिखाई दिए हों, तो आप अकेले ऐसे यूजर नहीं हैं। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ऐसे मामलों में सख्त नजर आ रहा है और डिजिटल बैंकिंग को अधिक पारदर्शी बनाने के क्रम में बैंकों को कड़ा आदेश दिया है। आरबीआई ने कहा है कि बैंक जुलाई 2026 तक अपनी वेबसाइटों और मोबाइल एप से सभी डार्क पैटर्न हटा दें, जो कि ग्राहकों को गुमराह करने या उन पर दबाव डालने के लिए डिजाइन की गई ट्रिक्स हैं। डार्क पैटर्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी डिजाइन तकनीकें हैं, जिनका उद्देश्य यूजर के व्यवहार को प्रभावित करना होता है, जिसे वे आसानी से पूरी तरह समझ न सकें। इनमें हिडन चार्ज, भ्रमित करने या प्रलोभन देने वाले विकल्प या फिर ग्राहकों को अतिरिक्त सेवाएं स्वीकार करने के लिए बार-बार प्रेरित करने वाले संकेत शामिल हो सकते हैं।

## वायुशक्ति युद्धाभ्यास में नहीं सुनाई देगी तेजस की गर्जना



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान से मिलती कड़ी सुरक्षा चुनौती के दौर में शुक्रवार (27 फरवरी) को राजस्थान की पोखरण रेंज में भारतीय वायुसेना का एक बेहद आक्रामक और प्रचंड युद्धाभ्यास 'वायुशक्ति-2026' होगा। जिसमें देश का पहला स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस भाग नहीं लेगा। सूत्रों ने बताया कि इसके पीछे का कारण इसी फरवरी महीने के शुरुआती सप्ताह में बल के किसी एयरबेस पर ग्राउंड में तैनात एक तेजस विमान में आई मामूली तकनीकी समस्या है। जिसकी वजह से अभी फिलहाल वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल तेजस विमानों की दो स्क्वाड्रन यानी कुल करीब 36 से 40 विमानों की चल रही जरूरी जांच (तकनीकी और मेंटेनेंस) की व्यापक प्रक्रिया है। पूर्व में एलसीए को वायुशक्ति युद्धाभ्यास में भाग लेना था। इस बार करीब दो से तीन तेजस विमान युद्धाभ्यास में उड़ान भरने वाले थे। लेकिन उक्त मामला सामने आने के बाद अब ऐसा संभव नहीं हो सकेगा।




### अमेरिकी संसद में ट्रम्प बोले

# शाहबाज ने लगाई 3.2 करोड़ को बचाने की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं।

उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया।

ट्रम्प का भाषण खत्म होने पर रिपब्लिकन सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद अपनी जगहों पर बैठे रहे। ट्रम्प का भाषण खत्म होने पर रिपब्लिकन सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद अपनी जगहों पर बैठे रहे।

### टैरिफ और व्यापार नीति

ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15% वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही।

### ईरान को चेतावनी

ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

### महंगाई व ऑयल प्रोडक्शन

ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28